

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 29 अप्रैल 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-031 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप



30 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती है।

### साय कैबिनेट की बैठक 30 को

**रायपुर, 29 अप्रैल।** सीएम विष्णु देव साय ने कल यानी 30 अप्रैल को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। बैठक मंत्रालय में होगी। इसमें 1 मई को श्रम (मजदूर) दिवस के मौके पर मजदूरों के लिए नई घोषणा को मंजूर दिए जाने के संकेत हैं। यह इस माह की दूसरी बैठक होगी । इसके बाद सीएम 5 मई से सुशासन तिहार के प्रदेश व्यापी दौरे पर निकलेंगे। यह भी पढ़े मई दिवस या अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई को भारत समेत पूरी दुनिया में मनाया जाता है। ज़्यादातर देशों की तरह मई दिवस पर सार्वजनिक और सरकारी दफ़्तर, स्कूल और कॉलेज बंद रहते हैं।

### यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले प्रतिभागियों को मिलेंगे 1 लाख रुपए

**रायपुर, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में यूपीएससी की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार ने संघ लोकसेवा आयोग की मुख्य परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। बता दें कि राज्य शासन द्वारा नगर निगमों में महापौर सम्मान राशि दी जाती है। यूपीएससी के प्रतिभागियों को 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि इसी निधि के अंतर्गत दी जाएगी। हाल ही में यूपीएससी 2024 के नतीजे जारी हुए हैं, जिसमें बिलासपुर की पूर्वा अग्रवाल ने 65वां रैंक हासिल किया है। मुंगेली के अर्पण चोपड़ा ने 313वां रैंक हासिल किया है।

### कनाडा में लिबरल पार्टी बढ़ रही बड़ी जीत की ओर

**ओटावा, 29 अप्रैल।** कनाडा के संघीय चुनाव में मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना जारी है. शुरुआती रुझानों में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी को स्पष्ट बढ़त मिलती दिखाई दे रही है. पार्टी बहुमत की ओर बढ़ रही है, जबकि मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी कुछ सीटों पर पिछड़ती नजर आ रही है. फिलहाल लिबरल पार्टी 164 सीटों पर आगे चल रही है, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी 147 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है. ब्लॉक क्यूबेकोइस 23 और एनडीपी 8 सीटों पर आगे है. अन्य दलों को अब तक खास सफलता नहीं मिल सकी है. इस चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर भी देखने को मिला है. नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक माने जाने वाले सिख नेता जगमीत सिंह बर्नबी सेंट्रल सीट से चुनाव हार गए हैं.

### पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी 30 को करेंगे सीसीएस की बड़ी बैठक

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल।** पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल की कोई बैठक नहीं हुई थी और केवल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 23 अप्रैल को बैठक की थी और आतंकी हमले की निंदा की थी। सीसीएस बैठक के बाद भारत ने पिछले बुधवार को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम करने सहित कई उपायों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अप्रैल को सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जो पलगाम आतंकवादी हमले के बाद दूसरी ऐसी बैठक होगी।

# भयभीत पाकिस्तान ने अपने मंत्रियों की जुबान पर लगाया ताला

**कराची, 29 अप्रैल।** भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान सतर्कता बरत रहा है। खबर है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने अपने मंत्रियों से गैर जरूरी बयान देने से मना किया है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और उप प्रधानमंत्री इशाक डार समेत कई नेताओं ने तनाव बढ़ाने वाले बयान दिए थे। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के तार पाकिस्तानी आतंकवादियों से जुड़ रहे हैं।

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान सरकार ने मंत्रियों से असभ्य बयान देने से बचने के लिए कहा है। सूत्रों ने चैनल को बताया है कि पाकिस्तान असभ्य बयानों के चलते तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है। पाकिस्तान को चिंता है कि पहले से ही आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे मुल्क के लिए स्थिति का बिगड़ना अच्छा नहीं है। सूत्रों ने बताया है कि पाकिस्तान एयर स्ट्राइक के खतरे को भांपने के लिए सियालकोट सेक्टर में रडार सिस्टम आगे बढ़ा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान सेना फिरोजपुर सेक्टर के सामने के क्षेत्रों में गतिविधियां बढ़ा रहा है। हाल ही में पाकिस्तान ने सीमा से महज 58 किमी की दूरी पर छोर कैंट पर टीपीएस-77 रडार तैनात किया है। खास बात है कि टीपीएस-77 मल्टी रोल रडार एयर ट्रैफिक पर नजर रखने समेत कई अहम भूमिका निभाता है।

हाल ही में पाकिस्तान ने सीमा से महज 58 किमी की दूरी पर छोर कैंट पर टीपीएस-77 रडार तैनात किया है। खास बात है कि टीपीएस-77 मल्टी रोल रडार एयर ट्रैफिक पर नजर रखने समेत कई अहम भूमिका निभाता है। इसके अलावा उत्तर में लाहौर और रावलपिंडी के पास कराची के पास विमानों को रवाना होते हुए देखा गया है।



### पाक ने 5वें दिन भी किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समझौते का लगातार पांचवीं रात उल्लंघन किया और इस उल्लंघन का दायरा बढ़ाते हुए सोमवार को जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर को भी निशाना बनाकर गोलीबारी की। अधिकारियों ने सुबह बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने लगातार पांचवीं रात जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसका भारतीय सेना ने 卐नियत और प्रभावी卐 तरीके से जवाब दिया। पहलगाम में पिछले सप्ताह हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच गोलीबारी की गई। यह गोलीबारी कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों के सामने के इलाकों और अखनूर सेक्टर के पास हुई।

# ताबड़तोड़ कार्रवाई: बिलासपुर में 300 से अधिक संदिग्ध संदेहियों को पकड़ा

### पुलिस ने 27 अप्रैल को विशेष चेकिंग अभियान चलाया



**बिलासपुर, 29 अप्रैल।** शहर में कानून व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए बिलासपुर पुलिस ने 27 अप्रैल को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान तोरवा, तारबाहर, सिविल लाइन, सरकंडा और सिरगिट्टी थाना क्षेत्रों में संचालित हुआ, जहां गुंडे-बदमाशों और बाहरी राज्यों से आए संदिग्धों की सघन जांच की गई।इस दौरान पुलिस ने 300 से ज्यादा संदिग्धों को थानों में लाकर उनकी पहचान, पता, दस्तावेज और गतिविधियों की गहन जांच की। इसके साथ ही थाना क्षेत्रों में सक्रिय 20 बदमाशों की भी पूरी पड़ताल की गई।

जांच में सामने आया कि अधिकतर संदेही पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना, मिदनापुर जिलों और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए हुए हैं। सभी से पूछताछ जारी है और उनका आपराधिक रिकॉर्ड पोर्टल के जरिए खंगाला जा रहा है। संदिग्धों के फिंगरप्रिंट लेकर डाटाबेस से मिलान भी शुरू कर दिया गया है।

जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं मिले, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं या जो किसी अपराध में संलिप्त नजर आए, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि बिलासपुर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे चेकिंग अभियान आगे भी नियमित रूप से चलते रहेंगे। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन गंभीरता से करें और अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखें।

बिलासपुर पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें अपने आसपास किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिले, तो तुरंत नजदीकी थाना या डायल-112 पर सूचना दें।

# वन नेशन-वन इलेक्शन पर प्रस्ताव पास करने विशेष सामान्य सभा में बवाल

### विपक्ष के पार्षदों ने कहा हमें बोलने नहीं दिया जा रहा, बहिर्गमन

**रायपुर, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के सभी निकायों में वन नेशन वन इलेक्शन÷ के समर्थन में प्रस्ताव लाए जा रहे है. इसी प्रस्ताव पर चर्चा के लिए आज रायपुर नगर निगम में विशेष सामान्य सभा बुलाई गई. सभा रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित की गई जिसमें सभापति सूर्यकांत राठौर, महापौर मीनल चौबे, नेताप्रतिपक्ष संदीप साहू, निगम कमिश्नर विश्वदीप, एमआईसी सदस्य और पार्षद मौजूद रहे. वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा करने विशेष सामान्य साभा बुलाने का कांग्रेस ने जमकर विरोध किया. सामान्य सभा के विषय पर चर्चा न करने को लेकर बीजेपी और कांग्रेस पार्षदों के बीच तनाव बढ़ा और कांग्रेस ने सदन से बहिर्गमन कर दिया. सदन छोड़ने के बाद बीजेपी पार्षदों ने कांग्रेस राष्ट्र विरोधी के नारे लगाए.

वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के पार्षदों ने समर्थन में अपना वक्तव्य रखा. नेताप्रतिपक्ष संदीप साहू ने जल संकट के बीच इस विषय पर चर्चा करने पर सवाल उठाया. शहर के अन्य मुद्दों पर चर्चा न करने के लिए उन्होंने नाराज़गी ज़ाहिर की.इस दौरान मनोज वर्मा ने टोका। इस पर सदन का माहौल गरमा गया। इधर अर्जुमन ढेबर ने आतंकी हमले के बीच चुनावी प्रस्ताव के लिए विशेष सभा बुलाने का विरोध किया. पानी और सफ़ाई जैसे मुद्दे पर चर्चा न कर राजनीतिक मुद्दा लाने पर सवाल उठाया जिसके बाद पार्षद कृतिका जैन ने कटाक्ष करते हुए कहा कि हम सिर्फ़ नाली और पानी के लिए नहीं बने. इस बयान के बाद फिर सदन में सत्ता और विपक्ष के पार्षदों ने एक दूसरे का विरोध शुरू किया. कृतिका जैन ने कहा कि सौभाग्य है कि हमारा भी मत ÷एक देश एक चुनाव में लिया जा रहा है. हम सिर्फ़ नाली और पानी के लिए नहीं बने हैं.

कांग्रेस पार्षद दल ने भीषण गर्मी में जल संकट पर चर्चा की जगह वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा का निरंतर विरोध किया. नेताप्रतिपक्ष संदीप साहू ने कहा कि नई सरकार को बने दो महीने हुए है, पानी सबसे बड़ी समस्या है जो सदन में बैठे हर व्यक्ति का मुद्दा है फिर इस पर चर्चा क्यों नहीं की जा रही. नेताप्रतिपक्ष के इस बयान पर बीजेपी पार्षदों ने विपक्ष को जमकर घेरा, मनोज वर्मा ने कहा कि कांग्रेस की पिछली सरकार ने टैंकर मुक्त शहर के दावे किए थे फिर जल संकट क्यों है. इधर नेताप्रतिपक्ष के वक्तव्य के बीच बीजेपी पार्षदों द्वारा टोकने को लेकर सभापति ने सभी की क्लास लगा दी. सूर्यकांत राठौर ने कहा कि नेताप्रतिपक्ष के वक्तव्य के बीच व्यवधान डालना ग़लत है. आज का विषय सत्ता पक्ष ने लाया है,यदि सत्ता पक्ष ही व्यवधान लाएगी तो उचित नहीं है.विपक्ष को बात रखने देना सत्ता को आना चाहिए. महापौर और नेताप्रतिपक्ष के वक्तव्य में टीका टिप्पणी सदन की गरिमा के अनुरूप नहीं है। महापौर मीनल चौबे ने कहा- महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा के दौरान विपक्ष पलायन कर चुका है. कांग्रेस ने सदन का अपमान किया है. देश चाहता है कि सार्थक विचारविमर्श हो इसलिए सभा में चर्चा की जा रही. मेरा दायित्व है कि जल संकट पर भी सोचू. देश हित में भी सोचते हुए ये सभा आज रखा गया, सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पारित हुआ है.

अक्षय तृतीया...



रायपुर। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। इस दिन गुड्डा-गुड़ियों का विवाह करने की परंपरा है। बाजार में गुड्डा-गुड़िया की बिक्री हो रही है।

### पेड़ से टकराई बाइक, तीन युवकों की मौत

**बलरामपुर, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. तीन युवक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए. दरअसल, वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के पेंडारी गांव में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई. दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है. जानकारी के मुताबिक, तीन व्यक्ति एक बाइक पर सवार होकर आर्केस्ट्रा प्रोग्राम देखने के लिए गए हुए थे.

### लिफ्ट इस्तेमाल करने गए व्यक्ति की तीसरे फ्लोर से गिरकर मौत

**दुर्ग, 29 अप्रैल।** शहर के चन्द्रा-मौर्या टाकीज के पास स्थित चौहान स्टेट में आज बड़ा हादसा हो गया। लिफ्ट पर तीसरे फ्लोर से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुभाष चौक डुंडेरा निवासी 40 वर्षीय राजा बान्धे के रूप में हुई है। लिफ्ट का दरवाजा खुला देखकर व्यक्ति अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। जैसे ही उसने पैर रखा, वह नीचे गिरकर लिफ्ट की छत पर जा गिरा। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना सुपेला थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, यहां सुभाष चौक डुंडेरा निवासी राजा बान्धे लिफ्ट से तीसरी मंजिल से नीचे उतरने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन लिफ्ट तीसरी मंजिल पर नहीं थी और दरवाजा खुला हुआ था। जैसे ही उन्होंने लिफ्ट में प्रवेश करने के लिए कदम बढ़ाया, वे सीधे नीचे गिर पड़े और लिफ्ट की छत पर जा गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और लिफ्ट के अंदर फंसे घायल युवक को सावधानीपूर्वक बाहर निकाल कर मेडिकल टीम को सौंपा। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। हादसे को लेकर चौहान स्टेट के प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। बताया गया कि लिफ्ट तीसरी मंजिल पर नहीं थी फिर भी दरवाजा खुला हुआ था।

# नक्सल आपरेशन को लेकर हाईलेबल बैठक

### देश के खुफिया चीफ तपन डेका पहुंचे रायपुर

**रायपुर, 29 अप्रैल।** देश के खुफिया चीफ तपन डेका आज छत्तीसगढ़ पहुंचे. उनका छत्तीसगढ़ दौरा ऐसे मौके पर हुआ है, जब देश में आतंकी हमले की गूंज के बीच छत्तीसगढ़ में देश के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन की चर्चा है. उन्होंने आज पुलिस के आला अधिकारियों के साथ बैठक की है। इसमें पड़ोसी राज्यों के अधिकारी भी शामिल हुए है। नक्सल आपरेशन को लेकर जारी इस उच्चस्तरीय बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की चर्चा है।

प्रदेश के बीजापुर जिला के कुर्रेगुटा पहाड़ी पर बीते 8 दिनों से नक्सल ऑपरेशन जारी है. और इस ऑपरेशन को छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्य महाराष्ट्र और तेलंगाना के जवान अंजाम दे रहे हैं. ऑपरेशन में 10 हजार से अधिक जवान शामिल हैं. बताया जा रहा है कि पहाड़ी पर छुपे हुए 1500 नक्सलियों को जवानों ने घेर रखा है. इस ऑपरेशन को लेकर राज्य और केंद्र की सरकार अलर्ट है.

### एम्बुलेंस की लापरवाही से गई महिला की जान

**बिलासपुर, 29 अप्रैल।** स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर एक कैंसर पीड़ित महिला को समय पर एम्बुलेंस न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। इस मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वत- संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार और रेलवे को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने पीड़िता के परिजनों को तीन लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। 62 वर्षीय महिला अपने परिजनों के साथ ट्रेन से सफर कर रही थी, तभी बिलासपुर स्टेशन पर उसकी हालत बिगड़ गई।

# काजी और शरिया अदालत को भारतीय कानून के तहत मान्यता नहीं: सुको

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल।** उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि 'काजी अदालत', 'दारुल कजा', 'शरिया अदालत' या इसी प्रकार के किसी भी निकाय को भारतीय कानून के तहत मान्यता नहीं है, और उनके द्वारा दिए गए निर्णय कानूनी रूप से लागू नहीं होते. जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने विश्व लोचन मदन बनाम भारत सरकार के मामले में 2014 के निर्णय का उल्लेख किया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि शरीयत अदालतों और फतवों को कानूनी मान्यता नहीं दी जा सकती. सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस निर्णय को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर फैसला सुनाया, जिसमें फैमिली कोर्ट के निर्णय को बरकरार रखा गया था.

न्यायालय एक महिला द्वारा दायर अपील की सुनवाई कर रहा था, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक पारिवारिक न्यायालय के निर्णय को चुनौती दी गई थी. इस निर्णय में महिला को भरण-पोषण देने से इनकार किया गया था. पारिवारिक न्यायालय ने अपने निर्णय के आधार के रूप में 'काजी कोर्ट' के समक्ष प्रस्तुत समझौते का उल्लेख किया था.

न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने स्पष्ट किया कि 'काजी की अदालत', 'दारुल कजा' या 'शरिया अदालत' जैसे निकायों का, चाहे उनका नाम कुछ भी हो, कोई कानूनी मान्यता नहीं है. जैसा कि विश्व लोचन मदन में पहले उल्लेख किया गया था, इन निकायों द्वारा जारी किए गए आदेश या निर्देश बाध्यकारी नहीं होते और न ही इन्हें बलात लागू किया जा सकता है. ऐसे निर्णय केवल तभी महत्वपूर्ण हो सकते हैं जब पक्षकार स्वेच्छा से उन्हें स्वीकार करें।

### जम्मू-कश्मीर सरकार ने 48 पर्यटन स्थलों को किया बंद

**श्रीनगर, 29 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है. सरकार ने एहतियातन कदम उठाते हुए घाटी के 87 में से 48 पर्यटन स्थलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है. सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर उमर सरकार ने यह फैसला लिया है. इस निर्णय का उद्देश्य पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी संभावित खतरे को टालना है. पहलगाम हमले के बाद से कश्मीर घाटी में पर्यटकों की संख्या में काफी गिरावट दर्ज की गई है.

# भूपेश बघेल के बयान को ही पाक के मंत्री दोहराते हैं: सांसद

**रायपुर, 29 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश में सियासत गरमाई हुई है. एक तरफ जहां कांग्रेस सुरक्षा में चूंक और आतंकियों की पहचान को लेकर लगातार केंद्र सरकार को घेरने में लगी है. वहीं भाजपा नेता भी कांग्रेस पर जमकर पलटवार कर रहे हैं. आज भाजपा सांसद संतोष पाण्डेय ने पूर्व सीएम बघेल समेत कांग्रेसी नेताओं के बयान का पलटवार किया है. भाजपा सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस नेता बेफिजूल का बयान दे रहे हैं. खरगे, सिद्धरमैया, वाड्रा, भूपेश का बयान देख लीजिए, कांग्रेस नेताओं के बयान को ही पाकिस्तान दोहराता है. भूपेश बघेल के बयान को उठाकर पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बयान देते हैं. पाकिस्तानी मंत्री ने छत्तीसगढ़ में आंतरिक आतंकवाद की बात कही है. भूपेश बघेल झीरम और पहलगाम में समानता बताते हैं. आखिर कांग्रेस के नेता बताना क्या चाह रहे हैं ।

बता दें, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी हमले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में प्रेस वार्ता में कहा था कि इस हमले ने न सिर्फ 26 परिवारों को उजाड़ दिया, बल्कि पूरे देश को शोक में डुबो दिया है. बघेल ने इस आतंकी घटना को 'झीरम घाटी की घटना' से जोड़ते हुए केंद्र सरकार की नाकामी पर सवाल उठाए. भूपेश बघेल ने कहा कि झीरम में भी नाम पूछ-पूछ कर मारा गया था. वहां भी 33 लोग मारे गए थे और पहलगाम में भी 26 लोगों की जान गई. पहलगाम में भी पुलिस बल और अर्धसैनिक बल मदद के लिए सामने नहीं आया. इस घटना ने झीरम घाटी की घटना की याद ताज़ा कर दी. हमारे सभी नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की, शोक व्यक्त किया और केंद्र सरकार को समर्थन देने की बात कही. लेकिन भाजपा की सोशल मीडिया टीम ने सिर्फ 'धर्म पूछ-पूछ कर मारा' को ही मुख्य मुद्दा बना दिया. पूर्व सीएम ने सवाल उठाते हुए कहा कि वहां सहायता क्यों नहीं पहुंची? इसका जिम्मेदार कौन है? इंटेलिजेंस फेलियर का जिम्मेदार कौन है?

# नहीं रुकेगा ऑपरेशन, खात्मे की ओर नक्सलवाद: तोखन साहू

**रायपुर, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन 8 वें दिन भी जारी है। नक्सलियों के बड़े लीडरों को जवानों ने कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में घेर रखा है। इस मुठभेड़ में फ़ोर्स को बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। इस बीच नक्सलवाद के खात्मे को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खात्मे की ओर है, लेकिन कुछ नेता और दल माओवाद को सपोर्ट करने में लगे हैं। तेलंगाना की एक पार्टी ऑपरेशन रोकने की अपील कर रही है। लेकिन केंद्रीय अमित शाह ने टारगेट तय कर दिया ऑपरेशन रुकेगा नहीं। मार्च 2026 तक पूरा प्रदेश नक्सल मुक्त होगा। सरकार और जवान नक्सलियों के सामने शक्ति से कार्रवाई कर रहे हैं।



केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान की हत्या की है। भाई भतीजा वाद करने वाले संविधान की बात क्या करेंगे। प्रदेश में प्रदर्शन करने भ्रमित करने कांग्रेस पार्टी आती है।


अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि



मुरली मनोहर (बड़ाया) खंडेलवाल
निर्वाण तिथि - 28 अप्रैल 2020
बड़ाया परिवार के हमारे पूज्य स्मृतिशेष श्री मुरली मनोहर (बड़ाया) खंडेलवाल जी पांच वर्ष पूर्व हमें सदा-सदा के लिए छोड़कर श्री बैकुंठ के लिए प्रस्थान किये थे।
पूरा परिवार आपके बताये मार्ग एवं संस्कारों पर चलकर सेवाभाव से आगे बढ़ रहा है। पूज्य पिताश्री की स्मृतियों को सादर प्रणाम।
अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि !
राजेश खंडेलवाल (सुपुत्र)
अंकित (पौत्र), राजवीर (प्रपौत्र)
श्रीकिशन, अशोक कुमार, गोपाल खंडेलवाल (भ्राता)
सुधीर ,आशीष, सचिन, विनय,वितेश , गौरव (भतीजा)
एवं समस्त खंडेलवाल (बड़ाया) परिवार

## एक नजर

### मारपीट,लूट के 7 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 29 अप्रैल।** दिनदहाड़े पाइप और डंडे से मारपीट कर लूटपाट करने वाले 7 आरोपियों को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से लूट के मोबाइल नगदी रकम एवं घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त किया गया है पाटन एसटीओटीपी अनूप लकड़ा ने बताया कि 27 अप्रैल को प्रार्थी महेन्द्र कुमार साहू निवासी रिसाली ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि प्रार्थी अपनी मोटर साइकिल से एक अन्य साथी के साथ रिसाली उमरपोटी मार्ग से प्लाईवूड खरीदने उतई आ रहा था। तभी दोपहर करीब 2 बजे उमरपोटी बोगदा अण्डरब्रिज के पास तभी तीन अज्ञात व्यक्ति रास्ता रोका। एक व्यक्ति ने प्रार्थी को थप्पड़ मारा और कहा कि गाड़ी कैसे चला रहा है। तभी पीछे से आ रहे प्रार्थी के अन्य साथी कोमल देशमुख, ईश्वरी साहू, टिकेश्वर देशमुख वहां पहुंचकर अज्ञात लोगों को समझाने का प्रयास किया तो उक्त तीनों अज्ञात व्यक्तियों ने अपने अन्य साथी को फोनकर वहां बुला लिया। सभी अज्ञात लोगों ने प्रार्थी एवं उसके अन्य साथियों के साथ पाइप और डण्डे से मारपीट की तथा प्रार्थी महेन्द्र साहू के जेब में रखे 20 हजार रुपए नगदए पर्स एवं ओप्पो कंपनी के मोबाइल को बल पूर्वक लूट कर भाग गए त्रिनयन ऐप की मदद से आरोपियों तक पहुंची पुलिस विवेचना के दौरान तत्काल त्रिनयन ऐप के जरिये घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किये गये। पुलिस की सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए सघनता से आरोपियों की पता तलाश की संदेही स्टेशन मरोदा शीतला तालाब के पास बैठे थे टीम ने दबिश देकर पकड़ा कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम दुर्गेश जोशी उर्फबाला 19 वर्ष निवासी स्टेशन मरोदा ए सोनू नेताम उर्फझोलटा 22 वर्ष दोनों निवासी शिवपारा मरोदाए अरूण खुटेल ;21 वर्ष निवासी स्टेशन के पास विजय चौक मरोदा समीर धृतलहरे 19 वर्ष निवासी सुपेला डी ब्लॉक दक्षिण गंगोत्री दुर्गेश सेन 34 वर्ष निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला नीरज आडिल 26 वर्ष निवासी मिनीमाता पारा स्टेशन मरोदा व बोधी सोनकर 53 वर्ष निवासी इंदिरा चौक शीतला मंदिर के पास मरोदा बताया आरोपियों ने अपनी जुर्म स्वीकार किया है ।

### चोरी का फरार आरोपी पकड़ा गया



**भिलाई, 29 अप्रैल।** भिलाई चोरी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331 (2), 317 (2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई के गोदाम से नेहरु नगर निवासी देव बंसल ट्रेडर्स का गोदाम संचालित करता है। जहां वर्ष 2024 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तिरंगा चौक छावनी निवासी सुरेश सिंह ने 21 हजरा रुपए के कीमत का लोहे का प्लेट चोरी कर फरार था पुलिस में शिकायत होने के बाद आरोपी की तलाश साल भर से की जा रही थी मौका मिलते ही पुलिस ने सुरेश सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर सुरेश ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया ।

### चाकू से डरा रहा था, पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई, 29 अप्रैल।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि श्रवण कबाड़ी के पास कृष्णा नगर सुपेला के सार्वजनिक स्थान पर राज निर्मलकर अपने आसपास एक स्टील का धारदार चाकू लहरा कर आने.जाने वाले लोगों को धमका रहा था वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंचकर आरोपी राज निर्मलकर ;22 वर्षद्ध निवासी कृष्णा नगर सुपेला को घेराबंदी कर पकड़ा सुपेला पुलिस आरोपी के खिलाफधारा 25.27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

### तेज रफ्तार कार पोल से टकराई युवक -युवती की मौके पर मौत

**भिलाई, 29 अप्रैल।** कोहका अंवतीबाई चौक के पास सोमवार तड़के 4 बजे के आसपास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पोल में जाकर ठोकर मार दी। यह ठोकर इतना जबर्दस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गये और कार में सवार दोनो युवक व युवती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को सुपेला मरच्यूरी भेजा। फिलहाल स्मृति नगर चौकी पुलिस हादसे की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार हादसा कोहका के पास अवंती बाई चौक से कुरुद जाने वाली सड़क पर हुआ है। मृतकों की पहचान नंदिनी रोड छावनी निवासी आलोक साहू (28) और भिलाई नगर निवासी पूजा प्रसाद (27) के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों सुबह 3-30 बजे से 4 बजे के बीच जा रहे थे। दोनों कार क्रमांक सीजी 07 एमए 2307 पर सवार थे। तेज रफ्तार के कारण कार का बैलेंस बिगड़ा और कार पोल से टकरा गई। हादसे में कार के सामने वाला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आलोक साहू और पूजा प्रसाद कार की फ्रंट सीट पर थे। कार आलोक चला रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी। इसके बाद स्मृति नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया और दोनों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भिजवाया। सुपेला अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# नहर किनारे रहने वालों ने केनाल रोड चौड़ीकरण को लेकर जनदर्शन में की शिकायत



**दुर्ग,29 अप्रैल।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं हितेश पिस्दा ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 120 आवेदन प्राप्त हुए। संत रविदास नगर, वार्ड क्रमांक 37 केम्प-2 भिलाई में नहर किनारे केनाल रोड चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों ने जनदर्शन में शिकायत की। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पूर्व में रोड चौड़ीकरण हेतु जो मार्किंग की गई थी, वह 30 फीट के मानक के अनुसार थी और उसका लिखित नोटिस भी प्रभावितों को दिया गया था, लेकिन अब 40 फीट की सर्वे नाप कर कार्यवाही की जा रही है, जिससे उनका शेष बचा दुकान/मकान भी प्रभावित हो रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि नहर किनारे बनने वाली केनाल रोड की चौड़ाई अधिकतम 20 फीट तक सीमित रखी जाए, ताकि शासन की योजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण भी सुचारू रूप से हो सके और स्थानीय रहवासियों को उनके मकानों व दुकानों के नुकसान से भी बचाया जा सके। इस पर डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव ने लोक निर्माण विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वहीं ग्राम घुघवा (क) तहसील पाटन निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आबंटित भूमि पर मकान निर्माण नही करने देने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि ग्राम घुघवा (क) में आवासीय भूमि आबंटित की गई है और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पहली किस्त 40,000 रुपये प्राप्त हो चुका है, लेकिन वर्तमान सरपंच द्वारा उन्हें निर्माण करने से रोका जा रहा है। परिवार ने जनदर्शन में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। इस पर डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा ने सीईओ जनपद पंचायत पाटन को निराकरण करने को कहा। खुर्सीपार वार्ड 49, वृंदावन होटल के पास खुल रही शराब दुकान को लेकर स्थानीय नागरिकों ने विरोध जताया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि उक्त स्थान रिहायशी क्षेत्र है, जहां स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मेडिकल जैसे संस्थान हैं। शराब दुकान खुलने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ेगा, जिससे महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग जाएगा। साथ ही खुर्सीपार जोन-2 में अवैध कारोबार जैसे कबाड़ी, जुआ, सट्टा और नशे का व्यापार भी बढ़ता जा रहा है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आबकारी विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इसके साथ ही विराट नगर, वार्ड क्रमांक 51 बोरसी निवासियों ने विद्युत सुविधा की मांग की।

## मैत्री विद्या निकेतन स्कूल पाटन के छात्रों का जेईई मेन 2025 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन, दुर्ग छत्तीसगढ़ के छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है और विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया, जिसमें सनत कुमार पांडा ने 95.92 परसेंटाइल और प्रियांशु देवांगन ने 84.96 परसेंटाइल प्राप्त किया। मैत्री शैक्षणिक संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती राजम सुधाकरण, निदेशक डॉ. सजीथा थंबी, एस. सजीव एवं एस. साजन, मैत्री विद्या निकेतन पाटन की प्राचार्या श्रीमती अम्बिली सुगाथा एवं समस्त शिक्षकों ने दोनों छात्रों को उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## नेहरू नगर मिलेनियम पार्क को और व्यवस्थित करने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की



**भिलाईनगर,29 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र नेहरू नगर वेस्ट में स्थित मिलेनियम पार्क को व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा मांग किया जा रहा था। उनके द्वारा मांग किया गया था कि मेरे पार्क को एक बार व्यवस्थित करके दे दिया जाये। इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग लेगें। इसी तारतम्य में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को अधिकृत किए। आज पार्क पुरी तरह से व्यवस्थित कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों द्वारा आज खुशी व्यक्त की गई। कि कम समय में निगम भिलाई द्वारा इस पार्क को अच्छा और बेतहर कर दिया गया है। हम लोग सुबह-साम यहां टहलते है, हर मंगलवार को सुंदरकांड करते है। महिला लोग बैठकर भजन गाते है। निगम आयुक्त को बुलाकर यह अस्वस्थ्य किए कि अब इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग की होगी, कोई भी बाहरी लड़के-लड़की यहां बैठे मिलेगे, उन्हे हम लोग भगायेगे। किसी को भी पेड़-पत्ते को तोड़ने नहीं देगे, इसकी सफाई का भी ध्यान रखेगे। निगम द्वारा पाईप दिया गया है, उसकी देखरेख हम लोग करेगें। आयुक्त पाण्डेय ने सबको बताया कि शासन की भी योजना है पी.पी.पी. मॉडल से काम किया जाए। नगर निगम भिलाई के संशाधन सीमित है, सबके सहयोग से ही हम पार्को को अच्छा बना सकते है। आज लोग जैसा चाहते थे, वैसा बन गया। अब आप सबकी जिम्मेदारी होगी इसका देखरेख करने का।स्थानीय लोग शिव नारायण मोदी, अनिल कुमार डागा, कृष्ण कुमार सिंघल, पंचानंद सिंग, नरेश गुप्ता, राधेकृष्ण शारदा, शिवचरण गोयल, राजकुमार भल्ला, आदि थे।

# आयुक्त ने वार्ड भ्रमण कर पेयजल की जानकारी ली




**रिसाली, 29 अप्रैल।** ओवरहेड टैंक में तैनात पंप ऑपरेटर को लॉगबुक दुरूस्त रखने के निर्देश आयुक्त ने दिए है। गर्मी को देखते हुए रिसाली निगम आयुक्त ने टंकी के भराव स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल वितरण व्यवस्था को अति आवश्यक और महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को सजग रहने कहा।

नगर पालिक निगम आयुक्त मोनिका पेयजल समस्या पर गंभीर नजर आई। उन्होंने सोमवार को रूआबांधा, आशीष, नगर नेवई और मरोदा ओवरहेड टैंक का निरीक्षण की। इस दौरान उन्होंने पंप ऑपरेटर द्वारा संधारित लॉगबुक का अवलोकन भी किया। मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पंप ऑपरेटर ओवरहेड टैंक में जल भराव और पानी कितने मिनट तक दिए जाने का समय स्पष्ट रूप से उल्लेख करे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक अभियंता अलिखेश गुप्ता, जलकार्य प्रभारी गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**लिकेज देख हुई नाराज-** निरीक्षण के दौरान वार्ड 34 स्थित मुख्य नेवई मार्ग में पाइप लाइन लिकेज मिला। सड़क पर पानी बहते देख आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने लिकेज को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दी है। साथ ही नेवई ओवरहेड टैंक के रिसाव को ग्रीष्मकाल के बाद ठीक करने प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने कहा।

**पानी की जांच हर रोज हो:-** इस दौरान पंप ऑपरेटर की मीटिंग लेते हुए आयुक्त ने कहा कि हर रोज ओवरहेड टैंक से पानी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजे। उन्होंने रिपोर्ट मानक नहीं होने पर उच्च अधिकारियों को सूचित करने कहा। जांच रिपोर्ट आने पर रजिस्टर पर इंद्राज करने भी निर्देश दिए।

**लो प्रेसर वाले क्षेत्र का करे भ्रमण-**आयुक्त ने कहा है कि अधिकारी ऐसे क्षेत्र की मॉनिटरिंग करे जहां पानी का प्रेसर कम हो जाता है। पेयजल उपलब्धता के लिए टैंकर का रोटेशन आवश्यकता अनुसार बढ़ाने भी निर्देश दिए।

### जिले में हैंडपंप संधारण जोरों से,पीएचई विभाग अलर्ट

**कवर्धा, 29 अप्रैल।** कबीरधाम जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता डी एस राजपूत के मार्गदर्शन में और सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर ओर सहायक अभियंता विशाल नेताम और उप अभियंता आई पी श्याम , उप अभियंता सुधीर श्रीवास्तव और उप अभियंता टोमन लाल कुंजाम के मॉनिटरिंग में हैंडपंप मैकेनिक सुबह से लेकर शाम तक हैंडपंप संधारण का कार्य करते हुए दिखाई देते है और तेज धूप के बावजूद भी अधिकारी दौरा कर लोगों को शुद्ध जल मिले जिसके लिए मॉनिटरिंग करते रहते है ।

गांगपुर (कवर्धा ब्लॉक ) मे सरस्वती शिशु मंदिर के पास का सुधार कार्य किया गया और पंडरिया ओर सहसपुर लोहारा और बोडला ब्लॉक में कई गांवों में हैंडपंप संधारण जारी है ।

और हैंडपंप संधारण के बाद शुद्ध जल मिलते ही ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कराहट दिख रही है ।

धान की फसल



उतई। रबी फसल धान का बम्पर उत्पादन देखने को मिल रहा है बालोद जिले के डोटोपार में ।

## नगदी रकम व मोबाइल और पर्स पुलिस ने किया जब्त, लूट के सभी आरोपी भेजे गये जेल

**भिलाई, 29 अप्रैल।** दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र में रविवार को दिन दहाड़े लूट की घटना हुई। उमरपोटी बोगदा अण्डरब्रिज के पास अज्ञात बदमाशों ने युवक से लूट की। युवक के पास से 20 हजार रुपए नगदी, मोबाइल व वर्स लूट लिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 7 आरोपियों दुर्गेश जोशी उर्फ बाला उम्र 19 वर्ष निवासी स्टेशन मरोदा, सोनू नेताम उर्फ झोलटा उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी शिवपारा मरोदा, अरूण खुटेल उम्र 21 वर्ष निवासी स्टेशन के पास विजय चौक मरोदा, समीर धृतलहरे उम्र 19 वर्ष निवासी सुपेला डी ब्लॉक दक्षिण गंगोत्री, दुर्गेश सेन उम्र 34 वर्ष निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला, नीरज आडिल उम्र 26 वर्ष निवासी मिनीमाता पारा स्टेशन मरोदा। बोधी सोनकर पिता दल्लू सोनकर उम्र 53 वर्ष निवासी इंदिरा चौक शीतला मंदिर के पास मरोदा को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई नगदी रकम, मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को रिसाली निवासी महेन्द्र कुमार साहू ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि रविवार को वह अपनी मोटर सायकिल से एक अन्य साथी के साथ रिसाली उमरपोटी मार्ग से प्लाईवूड खरीदने उतई जा रहे थे। दोपहर करीबन 2.00 बजे उमरपोटी बोगदा अण्डरब्रिज के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों ने रास्ता रोका। एक व्यक्ति ने थप्पड़ मार दिया और गाड़ी कैसे चला रहा है कहकर धमकाने लगा। पीछे से आ रही प्रार्थी के साथी कोमल देशमुख, ईश्वरी साहू, टिकेश्वर देशमुख ने अज्ञात लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन इन लोगों ने अन्य साथियों को फोनकर वहां बुला लिया।।सभी अज्ञात लोगों द्वारा प्रार्थी एवं उसके अन्य साथियों के साथ पाईप और डण्डे से मारपीट कर महेन्द्र साहू के जेब में रखे 20,000 रुपए, पर्स एवं ओप्पो कंपनी का मोबाइल लूट कर भाग गए। शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 309(6) बीएनएस के तहत् अपराध कायम कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी विजय अग्रवाल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा एवं एसडीओपी पाटन अनुप कुमार लकड़ा को कड़े निर्देश दिए। विवेचना के दौरान त्रिनयन ऐप की मदद से घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए। पुलिस के सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए सघनता से आरोपियों की पता तलाश की गई। विश्वस्त् सूत्रों से सूचना मिली कि संदेही स्टेशन मरोदा शीतला तालाब के पास बैठे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर 07 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। जिनसे कड़ाई से पुछताछ करने पर 27 अप्रैल 2025 को दोपहर करीब 2 बजे ग्राम उमरपोटी बोगदा पुलिया के पास कुछ राहगीरों के साथ मारपीट कर 20,000 रुपए नगदी, पर्स एवं एक मोबाइल फोन को लूट करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से ओप्पो कंपनी का मोबाइल कीमती 10,000 रुपए व नगदी रकम 14,000 रुपए व एक जेंट्स पर्स को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरीक्षक प्रमोद सिन्हा, कमल सिंह सेंगर, प्रधान आरक्षक नेमु प्रसाद साहू, आरक्षक दुष्यंत लहरे, कृष्णा बंजारे, सुरेन्द्र सिंह चौहान, हुलेश्वर साहू, दिनेश साहू, गिरजाशंकर बंजारे, विक्रम साहू, हिम्मत सिंह तथा शिखर भट्ट की सराहनीय भूमिका

## चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने की जीएसटी कमिश्नर से मुलाकात



**भिलाई, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा के साथ मुलाकात कर एक बैठक की। चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी व महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में चेम्बर का दल जीएसटी कमिश्नर से मिलकर जीएसटी नियमो को लेकर हो रही परेशानी से अवगत कराया और अन्य विषयों पर अपनी बात रखी और नए पंजीयन पर भी चर्चा की। जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा ने चेम्बर के कार्यो की सराहना की,और आश्वासन दिया कि अब जी एस टी विभाग चेम्बर के साथ समन्वय कर अपनी गतिविधियों को संचालित करेगा। व्यापारियों व विभाग के साथ जी एस टी समन्वय सबको दिखेगा। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि यह बैठक एक सार्थक परिणाम देगी। विभाग व चेम्बर के समन्वय से व्यापारी जी एस टी नियमो को लेकर अपडेट होंगे। कार्यशालाओं के माध्यम से व्यापारियों व विभाग के मध्य भयमुक्त वातावरण निर्मित किया जाएगा। इस मौके पर संतोष गेहानी, कुलदीप सिंह, राजेश शर्मा, शंकर सचदेव आदि उपस्थित रहे।

## हिंदी का शत प्रतिशत प्रयोग हमारा लक्ष्य:पवन कुमार



**भिलाई, 29 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 148वीं तिमाही समीक्षा 28 अप्रैल को कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई इस्पात संयंत्र पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समस्त कार्यपालक निदेशकगण, मुख्य महाप्रबंधकगण, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन संदीप माथुर, महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, उप महाप्रबंधक, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन सचिवालय, राजीव कुमार तथा संयंत्र के सभी विभाग प्रमुखगण सदस्य के रूप में ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का शत-प्रतिशत प्रयोग, हमारा लक्ष्य है। हम छोटे-छोटे प्रयासों और छोटी शुरुआतों के माध्यम से हिंदी में काम करना आरंभ कर सकते हैं। आज टेक्नोलॉजी के दौर में हिंदी में काम करना अत्यंत सरल हो गया है, हमें हिंदी में काम करने हेतु टायपिंग के लिए टेक्नोलॉजी का हर संभव उपयोग करना चाहिए, वॉइस टायपिंग के आजकल बहुत से विकल्प उपलब्ध हैं। वॉइस टायपिंग की सहायता से हिंदी में टाइप करना आजकल बोलने जितना आसान हो गया है। अत~ हम सभी हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और शत-प्रतिशत हिंदी में कामकाज के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयत्न करें। महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा सौमिक डे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वहन में भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव ही अग्रणी रहा है, राजभाषा नीतियों का कार्यान्वयन हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। हमें पूर्ण विश्वास है कि, सभी विभाग इस दिशा में अवश्य ही श्रेष्ठ प्रयासों के माध्यम से अपना योगदान देते रहेंगे। उप प्रबंधक संपर्क व प्रशासन राजभाषा जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने विगत बैठक की कार्यसूची का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, तत्पश्चात आगामी तिमाही की कार्यसूची का वाचन कर शत-प्रतिशत हिंदी में पत्राचार करने वाले विभागों का उल्लेख करते हुए आभार प्रदर्शन किया।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में मनाया गया सामग्री प्रबंधन दिवस

**भिलाई।** सामग्री प्रबंधन दिवस' के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा इस्पात भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमएम विभाग के प्रैक्टिसिंग सामग्री प्रबंधकों के साथ-साथ वित्त, सी एंड आईटी तथा इंडेंटिंग विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस आयोजन में प्रमुख रूप से मुख्य महाप्रबंधक एमएम के.सी. मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक मार्केटिंग पी. सुब्बा राव तथा मुख्य महाप्रबंधक एमएम अयन कुमार मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाप्रबंधक क्रय-यांत्रिक आर.के. दास के स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में श्री दास ने सामग्री प्रबंधन के पेशेवर दृष्टिकोण तथा इस मुख्य परिचालन क्षेत्र में निरंतर विकास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के एमएम विभाग और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सामग्री प्रबंधन आईआईएमएम के बीच सहयोग को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात एमएम विभाग के अधिकारियों द्वारा एक रोचक एवं संवादात्मक क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसका संचालन सुश्री यामिनी ताम्रकर ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में निदेशक कॉन्टिनेंटल लॉजिस्टिक्स सर्विल जैन ने %आयात प्रक्रियाओं' पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। श्री जैन ने सीमा शुल्क निकासी के लिए आवश्यक दस्तावेजों, विभिन्न प्रकार के बिल ऑफ लैडिंग, समुद्री कंटेनरों के प्रकार तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रचलित विभिन्न इन्कोटर्म्स पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### बिना लाइसेंस के बिक रहा है दुकानों में गुटखा

**कवर्धा, 29 अप्रैल।** कबीरधाम जिला में गांवों और शहरों में कई दुकानों में बिना लाइसेंस के गुटखा , सिगरेट ओर बीडी बेची जा रही है ओर बच्चों को भी मिल जाती है जो की चिंतनीय विषय है ।

## लोकगायक तुषांत बारले को मिला कलासाधक सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के युवा लोक गायक तुषांत बारले को उनकी कला साधना के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं कांकेर सांसद भोजराज नाग ने कला साधक सम्मान प्रदान किया है। 25 अप्रैल को ग्राम भेंडरा खपरी विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में मिनीमाता मूर्ति अनावरण समारोह में उन्हें यह सम्मान दिया गया। ज्ञातव्य हों कि तुषांत बारले छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पंथी कलाकार पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले के सुपुत्र हैं। इनके द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेला, मड़ाई तथा लोक महोत्सव में अपने सुमधुर आवाज में गायन प्रस्तुत कर चुके हैं। इस हेतु उन्हें शासन, प्रशासन एवं सामाजिक स्तरों पर विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। गरियाबंद में गीतकार भूपेंद्र साहू की संस्था %रंग सरोवर' में तुषांत बारले लोक गायक की भूमिका अदा करते हैं। अभी हाल ही में बोरिया रंग महोत्सव 2025 में उन्हें कला श्री सम्मान, बानबरद लोक कला महोत्सव 2024 में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान, 2024 में शक्ति भवन रिसाली जिला दुर्ग में सुरता मिनीमाता एवं सम्मान समारोह सम्मान, 2023 में गोंडवाना भवन कांकेर में राष्ट्रीय स्तरीय वैद्य महासम्मेलन एवं कला महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह में गुरु बालक दास वीरता सम्मान और परेंगुड़ा करहीभदर जिला बालोद 2021 में भोला दशहरा एवं नवा खाई महोत्सव में छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान सहित ढेरों सम्मान मिल चुके हैं। तुषांत अपने पिता की तरह छत्तीसगढ़ी संस्कृति को देश-विदेश में फैलाने का संकल्प लेकर कला साधना कर रहे हैं।

# लोहार समाज देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा रहा:डॉ. रमन सिंह

■ विधानसभा अध्यक्ष ने लोहार समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव शहर के मोहारा मंडई मेला स्थल पर आयोजित विश्वकर्मा जयंती उत्सव एवं युवक-युवती परिचय सम्मलेन के जिला स्तरीय वार्षिक सहासम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने लोहार समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज मेहनतकश एवं परिश्रमी समाज है। वैदिक काल से आज तक देश की सामाजिक संरचना में इस समाज का महत्व एवं योगदान रहा है। पौनीपसारी का कार्य करते हुए लोहार सामाज गांव-गांव के विकास के साथ ही अस्त्र-शस्त्र के निर्माण का कार्य कर रहे हैं तथा तकनीकी दृष्टिकोण से सक्षम समाज है। भगवान विश्वकर्मा की अद्भुत सृजनशीलता से उन्होंने मानव जीवन को रास्ता दिखाया तथा कला परिश्रम के माध्यम से विश्व का सृजन किया। लोहार समाज देश के विकास में अपनी भागीदारी और




योगदान निभा रहा है। सरकार द्वारा विकास के दृष्टिकोण से अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पहले चरण में 1 लाख रूपए व दूसरे चरण में 2 लाख रूपए तक की सहायता राशि मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर दी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार सभी समाज को साथ लेते हुए समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी की जा रही है। वहीं 70 लाख बहनों के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। वहीं बच्चों की पढ़ाई के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं चलाई जा रही है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि लोहार समाज एक अद्भुत समाज है, जहां समाज के बुजुर्ग मार्गदर्शन दे रहे हैं और लंबित मामलों का निर्णय समाज में बैठकर समस्या को सुलझाने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन के बाद सामूहिक विवाह का निर्णय भी ले। जो समाज शिक्षित एवं संस्कारित होता है, वह आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा को छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सरकार लोहार समाज के लिए नई सोच के साथ कार्य करेगी। इस अवसर पर छन्नी, झेझरी, औजार निर्माण कार्य कर अपनी आजीविका चलाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष लोहारा विश्वकर्मा समाज श्री धनीराम विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष लोहार विश्वकर्मा समाज श्री बाबूलाल विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष लोहार विश्वकर्मा समाज श्री राधेलाल विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया।

## समाचार संक्षेप

# शासकीय पट्टे की भूमि की कर दिया दी रजिस्ट्री व नामांतरण

■ एक करौड़ से ऊपर की शासकीय भूमि पर किया गया खेला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 29 अप्रैल।** नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में राजस्व विभाग के भ्रष्ट अफसरों के कार्य प्रणाली के चलते आए दिन जमीनों से जुड़े कई तरह के चौंकाने वाले मामला सामने आना आम बात हो गई है ।अब पटवारी ,रजिस्टार, तहसीलदार मिलकर अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम मुंजाल हाइवे मे स्थित करौड रुपए मुल्य कि शासकीय पट्टे की भूमि का रजिस्ट्री नामांतरण करते हुए ऋण पुस्तिका बना देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।उल्लेखनीय की अंबागढ़ चौकी स्थित राजस्व विभाग मे पदस्थ अफसरों से मिली भगत कर अंबागढ़चौकी नगर के ग्रीनलैंड का प्लांट कटिंग कर खरीद फरोक्त के साथ साथ बिना रिश्वत दिये किसानों से जुड़े कार्यों का संपादन नहीं होने एवं रेत माफियाओं से मिलकर नदी नालों का दोहन कराने के ढेरों शिकायतों के बीच एक और भ्रष्टाचार का मिशाल सामने आया है पटवारी रजिस्टार तहसीलदार ने मिलकर अंबागढ़ चौकी चिल्हाटी हाईवे से सटे मुजाल स्थित साढ़े चार एकड़ भूमि का रजिस्ट्री, नामांतरण करतें हुए ऋण पुस्तिका जारी कर नगर के एक सेट को भूमि का मालिक बना दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार

लाखों रुपए के रिश्वत की गड्ड़ी के सामने अंबागढ़ चौकी राजस्व के जिम्मेदार अफसरो ने शासकीय नियमों के विपरीत जाकर अपना ईमान बेचते हुए कूट रचना, षड्यंत्र कर शासन द्वारा दिए गए शासकीय काश्तकारी की भूमि का कर दिया गया रजिस्ट्री नामांतरण और बना दिया गया ऋण पुस्तिका। राजस्व के दस्तावेजों के मुताबिक ग्राम मुंजाल स्थित 1.760 हेक्टर शासकीय भूमि पर रजिस्ट्री हुई है।

# डोंगरगढ़ मंदिर ट्रस्ट का प्रतिनिधि मंडल मिला कलेक्टर से



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 29 अप्रैल।** धर्म नगरी डोंगरगढ़ के पब्लिक ट्रस्ट के प्रतिनिधि मंडल आज डोंगरगढ़ क्षेत्र की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल की अगुवाई में धर्म क्षेत्र में कार्यरत श्री जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट समति डोंगरगढ़ का सदस्यो ने आज कलेक्टर से मुलाकात कर परिक्रमा पथ के सम्बंध में चर्चा की इसी प्रकार से नवगठित ट्रस्ट श्री खाटूश्यामजी मन्दिर ट्रस्ट समिति ,श्री गुरुघासीदास रावटी धाम कुरूभाट ट्रस्ट के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सभी लोगों की उपस्थिति में श्रीमती बघेल ने कहा कि परिक्रमा पथ जिस उद्देश्य को लेकर बनाया जाएगा व क्षेत्र के सभी पब्लिक ट्रस्ट को जोड़ना पहली प्राथमिकता हो ऐसा हम व मन्दिर ट्रस्ट के सदस्यों की मंशा है के अनुरूप कार्य हो ऐसा हम चाहते उपस्थित प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों को पूर्ण रूप से अस्वासन दिया है उस अवसर पर श्री जटाशंकर मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा,श्री गुरुघसी ट्रस्ट के अध्यक्ष परस राय, श्री खाटूश्यामजी मंदिर अध्यक्ष विशाल सुराणा ,श्री जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा ने कहा कि नगर वासियो व जिस उद्देश्य से परिक्रमा पथ का निर्माण किया जाना है उसी प्रकार से होगा तभी डोंगरगढ़ का नाम पर्यटन के नक्से पर एक अलग पहचान बन सकेगी इसी प्रकार से नवगठित श्री खाटूश्यामजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विशाल सुराणा व नवीन अग्रवाल ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार चाहती है शहर जा विकास हो और इस विकास पथ पर मन्दिर ट्रस्टों का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

## एक नजर

### उपमुख्यमंत्री साव घुमका में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव 29 अप्रैल 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव 29 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे शासकीय निवास सिविल लाईन रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे चौखडिय़ा पारा राजनांदगांव पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक चौखडिय़ा पारा में तहसील साहू संघ राजनांदगांव के नवनिर्मित छात्रावास सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक का समय आरक्षित रहेंगा। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव दोपहर 2 बजे चौखडिय़ा पारा राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे शासकीय कन्या विद्यालय घुमका पहुंचेंगे। वे दोपहर 2.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक शासकीय कन्या विद्यालय घुमका में सामुहिक आदर्श विवाह एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 3.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक कर्मा भवन शीतला मंदिर तालाब के पास घुमका में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में सम्मिलित होंगे।

### सुरेश एच लाल बने नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष, अनिल वार्ष्णेय होंगे सचिव

**राजनांदगांव , 29 अप्रैल।** नांदगांव शिक्षा मंडल के सदस्यों ने सामान्य सभा का आयोजन कर आगामी वर्षों के लिए अध्यक्ष और सचिव मनोनीत किए। एक सप्ताह के भीतर नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने कार्यकारिणी की घोषणा करने की बात कही। इसी तरह नव निर्वाचित सचिव अनिल वार्ष्णेय ने भी नांदगांव शिक्षा मंडल के योगदान को गति देने हेतु समर्पण भाव दिखाया। सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने सभा के अंत में पहलगाम ( कश्मीर ) में हुए नरसंहार की निंदा करते हुए मृतकों को श्रंद्धाजलि अर्पित की। नांदगांव शिक्षा मंडल की सामान्य सभा विधि महाविद्यालय में वर्तमान अध्यक्ष नन्द कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सचिव सुरेश एच लाल ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नांदगांव शिक्षा मंडल के विधान में जरूरी संशोधन कर स्किल पाठ्यक्रम एवं नर्सिंग महाविद्यालय खोलने तथा विधि महाविद्यालय में सीट वृद्धि के साथ एल एल एम की कक्षाएं खोलने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया।

### पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सेना को दें खुली छूट: केवरा विजय राय

**राजनांदगांव, 29 अप्रैल।** पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटको के ऊपर



अंधाधुंन गोली चलाने वाले पाकिस्तान आतंकियों को पूरी तरह सफाया करने के लिए सेना को खुली छूट दे देनी चाहिए। यह बात कहते हुए नगर निगर बाजार विभाग के चेरमैन व गुरु घासीदास वार्ड नंबर 40 के पार्षद श्रीमती केवरा विजय राय ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की हैं उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ यह आतंकी हमला कश्मीर में अब तक का सबसे बर्बर हमलों में से एक है जिसमें 26 पर्यटकों को निशाना बनाकर मार डाला गया। भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि हमले के जिम्मेदारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। श्रीमती राय ने आगे कहा कि आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान पर भी कई तरह की पाबंदियां भारत ने लगाई हैं।

## मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# आने वाले दस वर्षों की जरूरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था पर हो काम: साय

■ आउटर में विकसित हो रहे नए रिहायशी इलाकों में प्राथमिकता से उद्यान बनाएं

■ अटल विश्वास पत्र पर प्रमुखता से अमल करने के दिए निर्देश, सभी शहरों की स्वच्छता रैंकिंग में हो सुधार



**रायपुर, 29 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे बड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष की प्राथमिकताओं पर चर्चा कर विभाग द्वारा संचालित केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में अधिकारियों को शहरों में आने वाले दस वर्षों की जरूरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्ययोजना बनाने और उन पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरों के आउटर में विकसित हो रहे नए रिहायशी इलाकों में प्राथमिकता से उद्यान बनाने को कहा, ताकि बच्चों को खेलने-कूदने तथा बड़े-बुजुर्गों को वॉकिंग, जॉगिंग, योग और शारीरिक व्यायाम के साथ ही आमोद-प्रमोद की जगह सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी नगरीय निकायों में अटल विश्वास पत्र पर प्रमुखता से अमल करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करते हुए भारत सरकार द्वारा जारी स्वच्छता की अपनी वर्तमान रैंकिंग में सुधार लाने को कहा। उन्होंने शहरों को सुंदर और स्वच्छ बनाने जन भागीदारी बढ़ाने के साथ ही इंदौर जैसे बेहतर सफाई व्यवस्था वाले शहरों में नगर निगमों के आयुक्तों को अध्ययन के लिए भेजने को कहा।

मुख्यमंत्री साय ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शहरी आबादी से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य विभागों से समन्वय बनाकर बुनियादी शहरी सुविधाएं विकसित करने को कहा। इससे निकट भविष्य में समीपवर्ती ग्रामीण इलाकों के नगरीय निकाय में शामिल होने या नए नगरीय निकाय के रूप में अस्तित्व में आने पर शहरों के मुताबिक व्यवस्थाएं और जन सुविधाएं विकसित करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में काम पूरा करने पर जोर देते हुए निर्धारित समयावधि में काम पूरा करने वाले निकायों के लिए रिवार्ड-सिस्टम बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने निर्माण और विकास कार्यों की प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एप या ऑनलाइन सिस्टम तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम की तरह अन्य नगरीय निकायों में भी संपत्ति कर की वसूली के लिए ऑनलाइन सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। इससे लोग घर बैठे या अपने कार्यस्थल से ही मोबाइल या कम्प्यूटर से संपत्ति कर जमा कर सकेंगे जिससे राजस्व संग्रहण में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने अगले एक वर्ष में सभी निकायों में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की व्यवस्था तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मोर संगवारी योजना के तहत घर पहुंच दस्तावेज बनाने की व्यवस्था को केंद्र सरकार के डिजी-लॉकर से लिंक करने को कहा।

इससे नागरिकों के दस्तावेज स्थायी रूप से उनके डिजी-लॉकर में सुरक्षित रहेंगे। इससे योजना संचालन के व्यय में भी कमी आएगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बैठक में बताया कि नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन सवेरे निकाय के अधिकारियों के साथ साफ-सफाई एवं विकास कार्यों के निरीक्षण के अच्छे परिणाम आ रहे हैं। इससे विभाग के कार्यों में कसावट के साथ ही निर्माण कार्यों की प्रगति एवं साफ-सफाई की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है।

# पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ डोंगरगांव में जनाक्रोश





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 29 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किए गए कायराना हमले के विरोध में आज डोंगरगांव में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस हमले में आतंकियों ने हिंदू पहचान के आधार पर 27 से अधिक बेगुनाह पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने नगर में विभिन्न स्थानों पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के पोस्टर चिपकाए तथा रैली का आयोजन किया। रैली पुराने बस स्टैंड पहुंचकर एक सभा में परिवर्तित हुई, जहां पाकिस्तान का पुतला दहन कर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि जैसे पहले सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया था, वैसे ही एक और सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

# आदि जगदगुरु शंकराचार्य प्राकट्य उत्सव महादेवघाट में 2 मई को

**रायपुर, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा 2 मई शुक्रवार को पाल भवन महादेवघाट, रायपुर में आदि जगद्गुरु शंकराचार्य प्राकट्य उत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, अति विशिष्ट अतिथि रायपुर महापौर मीनल चौबे और अध्यक्षता संस्थापक नीति निर्धारण समिति सदस्य रमन गिरी होंगे। इस उत्सव में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना, भव्य शोभा यात्रा, एवं सामूहिक भोज रखा गया है। पश्चात आदि जगदुरु शंकरावार्य पर व्याख्यान अतिथि उद्बोधन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस



उत्सव में प्रदेशभर से समाज के पदाधिकारी, परिवारजन उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति सदस्य हेमंत पुरी गोस्वामी ने दी।

# रोप-वे में हुई घटना के संबंध में गलत जानकारी प्रसारित की जा रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 29 अप्रैल।** कुछ लोगों द्वारा दिग्भ्रमित कर 25 अप्रैल को रोप वे में हुयी घटना के संबंध में गलत जानकारी प्रसारित की जा रही है । ऐसे गलत जानकारीयों एवं समाचारों से श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की छवि धूमिल हो रही है। कुछ समाचार पत्रों में उक्त अधूरे और गलत जानकारीयों को आधार बनाकर कंपनी के तथाकथित पत्र को गंभीरता से नहीं लेने और लापरवाही करने के संबंध में समाचार प्रकाशित किया गया है जबकि मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा घटना के तत्काल बाद ही प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर विगत एक वर्ष में हुये 52 दिनों के सभी रोप वे मेंटनेंस की तिथियों से एवं प्रतिदिन होने वाले मेंटेनेंस की अवधि से समस्त पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया गया था साथ ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की भी जानकारी दी गई थी कि प्रत्येक नवरात्रि पर्व के पूर्व पीडब्ल्यूडी (आपरेशन एवं मेंटेनेंस) और विधुत विभाग द्वारा तकनीकी जांच कर रिपोर्ट अनुविभागीय अधिकारी को प्रस्तुत की जाती है। जिसके पश्चात ही रोपवे संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है। इस चैत्र नवरात्रि के पूर्व भी यह जांच कर यह अनुमति प्रदान की गयी थी। साथ ही ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा है कि दुर्घटना क्यों हुई यह तकनीकी जांच का विषय है जो जांच के पश्चात ही पता चल पाएगा। दर्शनार्थियों की सुरक्षा मंदिर ट्रस्ट की प्राथमिकता है और दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार का समझौता न तो इससे पूर्व किया गया है और न ही भविष्य में किया जाएगा। जिले के कलेक्टर महोदय द्वारा उक्त घटना के जांच हेतु एक समिति का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने एक सप्ताह का समय दिया गया है। उसके पूर्व ही किसी निर्णय पर पंहुचकर आरोप प्रत्यारोप करने से श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की छवि धूमिल हो रही है। इस नवरात्रि के पूर्व 3 मार्च 2025 से 14 मार्च 2025 तक रोपवे संचालन कम्पनी दामोदर रोपवेज एंड इंफ्रा लिमिटेड द्वारा 28 बिंदुओं पर रोपवे का मेंटेनेंस किया गया था।

# आवास के बदले सिर्फ भारी भरकम कर्ज गरीबों के हाथ में: महेंद्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगाव, 29 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में लाखो पीएम आवास की स्वीकृति का श्रेय प्रदेश सरकार ले रही है। इन पीएम आवास स्वीकृति के प्रचार में करोड़ों रुपए फूंके जा रहे है। लेकिन आवास योजना की राशि में रत्ती भर नहीं बढ़ी। ऐसे में पीएम आवास योजना गरीबों के कर्ज के गहरी खाई में धकेलने का काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार स्वयं की पीठ थपथपा रही है कि हमारे सरकार ने पहली हस्ताक्षर आठ लाख गरीबों को आवास देकर उनका भला करने के लिए किया है। परन्तु आज के समय में आवास के लिए दी जाने वाली राशि पर्याप्त नहीं है। लिहाज़ा हितग्राही कर्ज लेकर आवास बनाने मजबूर है। आगे श्री यादव ने कहा कि



छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा गरीबों को पीएम आवास बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार सरकार दे रही है साथ ही नरेगा से 21 हजार रूपए भुगतान किया जा रहा है। इस तरह से हितग्राही को कुल 1 लाख 42 हजार पीएम आवास बनाने दिया जा रहा है। पीएम आवास ग्रामीण की राशि में पिछले दस वर्षों से वृद्धि नहीं हुआ है। जबकि निकाय क्षेत्र में कई दफ्फ राशि में इजाफा किया गया है।

इसके विपरित पिछले दस वर्षों में बिल्डिंग मटेरियल का भाव आसमान छू रहा है। आप अनुमान लगा सकते है कि पिछले दस वर्ष पहले सरिया का दाम क्या था और वर्तमान में छः हजार रूपए हो चला है। सीमेंट की किमतों में भी भारी इज़ाफ़ हुआ है। यहां तक कि ढाई सौ रुपए में काम करने वाले राज मिस्त्रीयों ने भी अपना रेट बढ़ा कर दोगुना कर दिया है। महंगाई के इस जमाने में क्या आवास के लिए दी जाने वाली राशि पर्याप्त है।

## एथलेटिक्स को बढ़ावा देने एवं संस्कारधानी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने

# महापौर ने अधिकारियों के साथ एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए देखा स्थल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** संस्कारधानी राजनांदगांव में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं एथलेटिक्स खिलाडियो को खेल मे सुविधा विस्तार के लिये राजनांदगांव शहर में एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेतु महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज अधिकारियों के साथ ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि का निरीक्षण किया। एथलेटिक्स खेल को बढावा देने एवं संस्कारधानी के खिलाडियो को प्रोत्साहित करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल पर एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेतु महापौर श्री यादव आज सुबह निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव श्री रणविजय प्रताप सिंह सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, पार्षद श्री रवि सिन्हा व सतीश साहू, पूर्व पार्षद श्री विजय राय तथा नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ ढाबा स्थित नगर सेना आफिस के पीछे शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा किये।



महापौर श्री यादव ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव का नाम खेल गतिविधयों में देश व प्रदेश में शिखर पर रहा है, यहा के खिलाडी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखाये है। इसी को ध्यान में रखकर विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में एस्टोट्रर्फ हाकी मैदान तथा स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराया वही अब एथलेटिक्स खेल को बढावा देने एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक राजनांदगांव में निर्माण के लिये केन्द्र सरकार के खेलो इंडिया के तहत केन्द्रीय खेल मंत्री माननीय मनसुख मंडविया से चर्चा कर स्वीकृति दिलायी। उक्त ट्रेक निर्माण के लिये आज स्थल चयन हेतु ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि चयन हेतु अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक बन जाने से हमारे संस्कारधानी के एथलेटिक्स खिलाडी यहा खेल कर परिपक्व होकर प्रदेश एवं देश के प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर स्थान प्राप्त करेंगे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए लगभग 10 एकड भूमि की आवश्यकता होगी। स्थल चयन उपरांत शासन की स्वीकृति अनुसार प्रक्रिया कर तकनीकि अधिकारी एवं वास्तुविदो के साथ खिलाडियों के सुविधा एवं मापण्ड अनुसार ड्राईंग डिजाईन तैयार कर ट्रेक का निर्माण किया जायेगा।

# एसपी ने थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी सुरगी का किया वार्षिक निरीक्षण

**राजनांदगांव, 29 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी सुरगी पहुंच कर थाने के रजिस्टर,



रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत पत्र आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया। थाने की साफसफाई जवानों के वेशभूषा को देखे साथ ही थाना के सस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किये, थानों में जप्त वाहनों का निरीक्षण कर राजसात की कार्यवाही कर वाहन मालिकों तक पहुंचाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया, थाना एवं चौकी भवन का भी निरीक्षण किये। थाने एवं चौकी में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दिया गया साथ ही पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछ कर निदान हेतु आश्वासन दिया गया।

## संपादकीय

# पानी की समस्या कभी खत्म नहीं होती है...

हर साल गर्मी में राज्य में पानी की समस्या बनी ही रहती है।ऐसा नहीं है कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास नहीं करती है। सरकार कई स्तरों पर इसके लिए प्रयास करती है। जब तक पानी की समस्या के समाधान के लिए सरकार व अन्य संस्थाओं द्वारा कुछ शुरू किया जाता है तो ऐसा लगता है कि सरकार व अन्य संस्थाएं कितनी गंभीर हैं। वह वाकई में बहुत चिंतित हैं पानी की समस्या के समाधान के लिए लेकिन कुछ दिनों बाद चलता है कि पानी की समस्या तो बनी ही रहने वाली है। हर साल की तरह इस गर्मी में पानी की कमी के कारण कई वार्डों, कई गांवों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। राज्य में तेज गर्मी पड़नी शुरू हुई थी कि मुख्यमंत्री ने बैठक लेकर पेयजल की उपलब्धता, भूजल स्तर, जल जीवन मिशन की प्रगति, जल संरक्षण पर अफसरों को जरूरी निर्देश दिए थे। समीक्षा के दौरान सीएम को बताया गया था कि उनके निर्देश के बाद राज्य में ३६ मोबाइल यूनिट राज्य में ११२३८ हैंडपंपों की मरम्मत कर चुकी है।इस खबर को पढ़ने वाले को लगेगा कि सीएम के निर्देश पर विभाग ने कितनी तेजी से काम किया।११ हजार से ज्यादा जगहों पर हैंडपंप खराब होने के कारण जो पानी की समस्या थी, उसे हल कर दिया गया है। यानी विभाग ने तुरंत इधर निर्देश मिला और उधर पानी की समस्या हल कर दी। लोगों को लगेगा कि वाकई राज्य में सुशासन आ गया है। एक और खबर पढ़ने पर पता चलता है कि राज्य में भूजल स्तर नीचे जाने के कारण ज्यादातर हैंडपंप सूख गए हैं। जिन पंपों को हाल में सुधारा गया है,उनसे भी कोई फायदा नहीं होने वाला है। यानी माना जा रहा था कि सीएम के कहने पर जो काम किया गया था उसका कोई फायदा नहीं होने वाला है। सरकार ने हाल ही में जो सुशासन तिहार मनाया है, उसमें भी ज्यादातर लोगों ने पानी की समस्या हल करने के लि? नलकूप खनन की मांग की है।जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में पानी की समस्या हल करने के लिए सरकार पर नलकूप खनन के लिए दबाव डाल रहे हैं। बताया जाता है इस मामले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने प्रदेश भर में २७०० नलकूप खनन का लक्ष्य तय किया है। यानी पानी की समस्या हल करने के लिए पुराने नलकूप काम नहीं आ रहे हैं, इसलिए नए नलकूप खनन किए जाएंगे।बताया जाता है कि यह काम निजी एजेंसियों व ठेकेदारों द्वारा नहीं कराया जाएगा क्योंकि वह काम ठीक से नहीं करते हैं, काम में गड़बड़ी की गुंजाइश रहती है, इसलिए यह काम विभाग खुद अपनी मशीनों से करवाएगा।सरकारी काम में कोई समस्या न हो ऐसा तो होता नहीं है। बताया जाता है कि सरकारी मशीने १५ साल पुरानी हो चुकी है। इसलिए विभागीय काम जितना बेहतर होना चाहिए वह नहीं होगा। यानी अगर विभाग चाहता है कि काम ठेकेदार या निजी कंपनियों को दिया जाना है तो सरकार न चाहे तो भी देना ही पड़ेगा। क्योंकि विभाग कह देगा की मशीनें पुरानी हैं।यानी सरकारी विभाग में अधिकारी, कर्मचारी व निजी कंपनियों का ऐसा मकड़जाल है, उसमें सरकार फंसकर वही करती है जो विभाग के अधिकारी व कर्मचारी चाहते हैं।यह तो प्रदेश की बात हुई। राजधानी में तो घर घर पानी पहुंचाने के लिए निगम ने चार सौ करोड़ रुपए खर्च कर दिए हैं।१० साल बाद भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।कई वार्डों में आज भी लोगों को पानी के लिए टैंकर का इंतजार करना पड़ता है। राजधानी में पानी पहुंचाने के लिए योजनाएं तो बनती रहती हैं लेकिन सभी लोगों को यहां पानी पहुंचता नहीं है।स्मार्ट सिटी ने १५९ करोड़ रुपए खर्च कर शहर के १४ वार्डों में २४ घंटे पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई थी लेकिन लोगों को दो घंटे भी ठीक से पानी नहीं मिल रहा है। राजधानी में अमृत मिशन योजना २०१५ में शुरू की गई थी बताया जाता है कि २०१७ में इसका काम शुरू हुआ।यह ४२६ करोड़ रुपए प्रोजेक्ट था,८०० किमी पाइप लाइन बिछ गई है।७३ हजार घरों मेंअब तक नल कनेक्शन देने का काम हो गया है.१४ नई टंकी बनाई गई हैं। हुआ क्या पानी की समस्या आज भी राजधानी के कई वार्डों में है। नगर निगम के नेता कई बार दावा कर चुके है कि उनकी योजना को राजधानी को टैंकरमुक्त करने की है। जब भी कोई नया महापौर आता है, वह बातें बड़ी बड़ी करता है लेकिन पानी की समस्या उनके जाने के बाद भी बनी रहती है, एक महापौर जा चुके हैं और दूसरी महापौर आ गई हैं। हमेशा की तरह कई वार्डों में पानी की समस्या है और पानी के टैंकर भेज कर समस्या हल करने का प्रयास किया जा रहा है।कोई पार्षद कहता है कि उनके वार्ड में रोज पचास टैंकर पानी आता है। उनकी शिकायत है कि इसमें चालीस टैंकर एक ही ठेकेदार के हैं। वह पानी भी पूरा टैंकर लेकर नहीं आता है इससे वार्ड के लोगों को पूरा पानी नहीं मिल पाता है। एक पार्षद कहते हैं कि उनके यहां आठ टैंकर पानी आता है।अमृत मिशन का पाइप लाइन है लेकिन पानी नहीं आता है।एक पार्षद का कहना है कि उनके वार्ड में तो ६४ टैंकर आते हैं।तब जाकर लोगों को पीने का पानी मिलता है। टैंकर भेज दिए और वार्ड के लोगों की पानी की समस्या हल जाती है ऐसा निगम की राजनीति करने वाले मानते हैं लेकिन समस्या तो पानी का टैंकर आने के बाद शुरू होती है। ज्यादा से ज्यादा पानी भरने के लिए वो घमासान होता है कि लगता है सब एक दूसरे के दुश्मन हैं। यहां भी पानी वही ज्यादा भर सकता है जो कई तरह के काम करने में कुशल होता है। टैंकर से पानी भरने के लिए आपके पास बड़े ड्रम होने चाहिए,उनको भरने के लिए कई लोग होने चाहिए, पानी भरने में कितनी मेहनत करनी पड़ती है, यह तो टैंकर से पानी भरने वाले जानते है। सीधा साधा आदमी तो खड़ा ही रह जाएगा उसे पानी नहीं मिलेगा।जो भुक्तभोगी होते हैं वह ज्यादा से ज्यादा से पानी भर लेते हैं क्योंकि दूसरे दिन टैंकर नहीं आया तो भी दिक्कत नहीं होती है जो भुक्तभोगी नही होते है, वह पानी टैंकर नही आने पर परेशान होते हैं, निगम को, पार्षद को कोसते रहते हैं। कहने को सीएम से लेकर पार्षद तक चाहते हैं कि गर्मी में लोगों को पानी की परेशानी न हो लेकिन उनके चाहने से पानी की समस्या हल कहां होती है, हो जाती तो निगम व वार्ड के लोग बहुत सुखी होते। नहीं होती है, इसलिए हर साल पानी के लिए लोगों को सुबह से शाम तक परेशान होता पड़ता है।कई वार्ड के लोग तो अभिशप्त हैं, गर्मी में पा्नी की कमी से परेशान होने के लिए और बारिश में घर में पानी भर जाने से परेशान होने के लिए।

---

अक्षय तृतीया

# भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय मुस्कान का पर्व

**ललित गर्ग**



अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है ह्यसमृद्धि, आशा, खुशी, सफलताह्ल, जबकि तृतीया का अर्थ है ह्यचंद्रमा का तीसरा चरणह्ल। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है।

अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल, 2025 को है। भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिये भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मदिन मानते हैं। वैष्णव मंदिरों में उनकी पूजा की जाती है। महर्षि वेदव्यास ने इसी दिन से महाभारत लिखना शुरू किया था। अक्षय तृतीया के दिन महाभारत के युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था। इसकी विशेषता थी कि इसमें भोजन कभी समाप्त नहीं होता था। इसी पात्र से वह अपने राज्य के गरीब व निर्धन को भोजन देकर उनकी सहायता करते थे। इसी आधार पर मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाला दान-पुण्य का भी कभी क्षय नहीं होता है। इस दिन साधु-संतों के साथ ब्राह्मणों-गरीबों को भोजन कराकर व वस्त्र दान करने के साथ गायों को हरा चारा खिलाने का विशेष महत्व है। वहीं पक्षियों को परिंडे लगाकर दाने-पानी की व्यवस्था करने से विशेष लाभ मिलता है और भगवान श्री विष्णु की कृपा अपने भक्तों पर हमेशा बनी रहती है।

अक्षय तृतीया विवाहित या अविवाहित महिलाओं के लिए क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण है, जो अपने जीवन में पुरुषों की भलाई के लिए या भविष्य में उनकी सगाई होने वाले पुरुष के लिए प्रार्थना करती हैं। प्रार्थना के बाद, वे अंकुरित चने (अंकुरित), ताजे फल और भारतीय मिठाइयां वितरित करते हैं। यह दिन किसानों, कुंभकारों एवं शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है।



बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था और उन्हें अगले वर्ष बुवाई के लिए विशेष प्रकार के बीज उपहार में देता था। लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि उन बीजों की बुवाई करने वाले किसान के धान्य-कोष्ठक कभी खाली नहीं रहते। यह इसका लौकिक दृष्टिकोण है। अक्षय तृतीया पर महाराष्ट्र के लोग नया व्यवसाय शुरू करते हैं, घर खरीदते हैं और महिलाएं सोना खरीदती हैं। लोग इस त्यौहार को परिवार के साथ मनाते हैं और महाराष्ट्रीयन पूरन पोली (गुड़ और दाल के मिश्रण से भरी चपाती) और आमरस (आम की एक मोटी प्यूरी) से बने नैवेद्य जैसे भोजन का भोग लगाकर देवी-देवताओं की पूजा करते हैं।

ओडिशा में, अक्षय तृतीया आगामी खरीफ सीजन के लिए चावल की बुवाई के शुभारंभ के दौरान मनाई जाती है। यह दिन अच्छी फसल के आशीर्वाद के लिए किसानों द्वारा धरती माता, बैलों और अन्य पारंपरिक कृषि उपकरणों और बीजों की पूजा के साथ शुरू होता है। जगन्नाथ मंदिर के रथ यात्रा उत्सव के लिए रथों का निर्माण भी इसी दिन पुरी में शुरू होता है। तेलुगू भाषी तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यह त्यौहार समृद्धि और दान से जुड़ा है। सिंहचलम मंदिर में इस दिन विशेष उत्सव अनुष्ठान किए जाते हैं। मंदिर के मुख्य देवता को साल के बाकी दिनों में चंदन के लेप से ढका जाता है और केवल इसी दिन देवता पर लगे चंदन की परतें हटाई जाती हैं ताकि अंतर्निहित मूर्ति दिखाई दे। इस दिन वास्तविक रूप या निज रूप दर्शनम का प्रदर्शन होता है।

लोकोत्तर दृष्टि से अक्षय तृतीया पर्व का संबंध जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ के साथ जुड़ा हुआ है। तपस्या हमारी संस्कृति का मूल तत्व है, आधार तत्व है। कहा जाता है कि संसार की जितनी समस्याएं हैं तपस्या से उनका समाधान संभव है। संभवतः इसीलिए लोग विशेष प्रकार की तपस्याएं करते हैं और तपस्या के द्वारा संसार की आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों संपदाओं को हासिल करने का प्रयास करते हैं। जैन धर्म में वर्षीतप यानी एक वर्ष तक तपस्या करने वाले साधक इसदिन से तपस्या प्रारंभ करके इसी दिन सम्पन्न करते हैं। यह संसार से मोक्ष की मुस्कान, शरीर को तपाने और आत्मस्थ करने का अवसर है। अक्षय तृतीया तप, त्याग और संयम का प्रतीक पर्व है।

इसका सम्बन्ध भगवान ऋषभदेव के युग और उनके कठोर तप से जुड़ा होने से वर्षीतप की परम्परा चली। यह ऋषभ की दीर्घ तपस्या के समापन का दिन है। अपने आदिदेव की स्मृति में जैन धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में असंख्य श्रावक-श्राविकाएं वर्षीतप करते हैं। इस दिन देशभर में आचार्यों और मुनियों के सान्निध्य में अनेक आयोजन होते हैं। इसका मुख्य आयोजन हस्तिनापुर (जिला मेरठ- उत्तर प्रदेश) में श्री शांतिनाथ जैन मन्दिर में एवं प्राचीन नसियांजी, जो भगवान ऋषभ के पारणे का मूल स्थल पर आयोजित होता है, वहां पर देशभर से हजारों तपस्वी एकत्र होते हैं और अपनी तपस्या का पारणा करते हैं। तपस्या को जैन धर्म साधना में अत्यन्त महत्पूर्ण स्थान दिया जाता है। मोक्ष के चार मार्गों में तपस्या का स्थान कम महत्वपूर्ण नहीं है। तपस्या आत्मशोधन की महान प्रक्रिया है और इससे जन्म जन्मांतरों के कर्म आवरण समाप्त हो जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि इसकी साधना से जीवन विकास की सीख हमारे चरित्र की साख बने। हममें अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागे। यह आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा बने।

अक्षय तृतीया का पावन पवित्र त्यौहार निश्चित रूप से धमार्राधना, त्याग, तपस्या आदि से पोषित ऐसे अक्षय बीजों को बोने का दिन है जिनसे समयान्तर पर प्राप्त होने वाली फसल न सिर्फ पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्साह को शतगुणित करने वाली होगी वरन अध्यात्म की ऐसी अविरल धारा को गतिमान करने वाली भी होगी जिससे सम्पूर्ण मानवता सिर्फ कुछ वर्षों तक नहीं पीढ़ियों तक स्नात होती रहेगी। अक्षय तृतीया के पवित्र दिन पर हम सब संकल्पित बनें कि जो कुछ प्राप्त है उसे अक्षुण्ण रखते हुए इस अक्षय भंडार को शतगुणित करते रहें। यह त्यौहार हमारे लिए एक सीख बने, प्रेरणा बने और हम अपने आपको सर्वोतमुखी समृद्धि की दिशा में निरंतर गतिमान कर सकें। अच्छे संस्कारों का ग्रहण और गहरापन हमारे संस्कृति बने। तभी अक्षय तृतीया पर्व की सार्थकता होगी। सनातन धर्म में इसी दिन शादियों के भी अबूझ एवं स्वयंसिद्ध मुहूर्त रहता है और थोक में शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया को आखा तीज भी कहा जाता है। अक्षय तृतीय हिन्दु पंचाग अनुसार वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते है। माना जाता है कि इस दिन जो भी कार्य किए जाते हैं वे पुरी तरह सफल होते हैं एवं शुभ कार्यों को अक्षय फल मिलता है। साथ ही यह भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन अपने अच्छे आचरण और सद्गुणों से दूसरों का आशीर्वाद लेना अक्षय रहता है। साथ ही अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है तथा गृह प्रवेश, पदभार ग्रहण, वाहन खरीदना, भूमि पूजन आदि शुभ कार्य करना अत्यंत लाभदायक एवं फलदायी होते हैं। इतना ही नहीं अक्षय तृतीया के दिन ही वृंदावन के बांके बिहारी के चरण दर्शन एवं प्रमुख तीर्थ बद्रीनाथ के पट (द्वार) भी अक्षय तृतीया को ही खुलते हैं।

---

## राशिफल

मेष आज आपको शासन सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा। आपको अपनी भावनाओं पर अंकुश रखने की आवश्यकता है। आप बड़ों के सामने कोई ऐसी बात ना बोले, जो उन्हें बुरी लगे। आप यदि किसी काम को पूरा करने के लिए परेशान थे, तो वह पूरा हो सकता है। सरकारी योजनाओं का भी आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी सोच विचारकर सकते हैं।

वृषभ आज का दिन आपके लिए किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के लिए रहेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। संतान को आपकी कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, लेकिन आप किसी काम को लेकर मनमर्जी ना चलाएं। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपकी कार्यक्षेत्र में अपने बॉस से अच्छी पटेगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचने के लिए रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहना होगा। दानपुण्य के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपका किसी बात को लेकर यदि मन परेशान चल रहा है, तो उसके लिए आप अपनी माताजी से बातचीत कर सकते हैं। निजी विषयों में आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। आपकी किसी से कहासुनी होने से आपका मन परेशान रहेगा। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। साझेदारी में चल रहे कामों पर आप पूरा ध्यान देंगे। आपको अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां को निभाने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। घूमने-फिरने जाने की आप योजना बना सकते हैं।

सिंह आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में बजट बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा। आप अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें। यदि आपको किसी बात को लेकर मन में भ्रम बना हुआ है, तो आप उसमें बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आपके किसी काम को लेकर परिवार के सदस्यों से खटपट होने की संभावना है।

कन्या आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। मित्रों का सहयोग और समर्थन आप पर बना रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान की संगति पर आप विशेष ध्यान दें, नहीं तो वह किसी गलत काम की ओर अग्रसर हो सकते हैं। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। नौकरी में यदि आप बदलाव करने की योजना ना बना रहे थे, तो आपको कुछ समय रुकना बेहतर रहेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे। परिवार को किसी सदस्य की नई नौकरी मिलने से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की बातों में आकर कोई इंवेस्टमेंट करने से बचना होगा। आपका किसी नए घर की खरीदारी का सपना पूरा होगा। आपकी कोई पुरानी गलती आपको परेशान करेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई को लेकर ढील दे सकते हैं।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रहेगा। आपको बड़ों की बातों को ध्यान से सुनने की आवश्यकता है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति की मदद से आपके और जीवनसाथी के बीच चल रही अनबन को आप बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने में आलस्य बिल्कुल नहीं दिखाना है।

धनु आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके घर खुशियां आएंगी, क्योंकि आपको अपने परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर टेंशन रहेगी। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। आपको किसी से कोई वादा सोच समझकर करने की आवश्यकता है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपके आसपास में कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें तो ही बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों में ढील देने से बचना होगा।

मकर आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके बिजनेस की योजनाओं का आपको लाभ मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए अपने खर्चे पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हे कोई अच्छा मौका हाथ लग सकता है। संबंधित मामलों में आपको सावधानी बरतनी होगी। आप अपनी अच्छी सोच को कार्यक्षेत्र में बनाए रखें। आपके कुछ काम पूरा करने के लिए आप काफी मेहनत करेंगे। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

मीन आज का दिन आपके लिए रिश्तों में एकजुटता बनाए रखने के लिए रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और आपको मामा पक्ष से धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको एक से अधिक स्त्रोतों से आय बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। दूरसंचार के साधनों में वृद्धि होगी। आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय आसानी से ले सकेंगे। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगे और आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। जो आपको खुशी देंगी। आपकी प्रतिभा से कार्यक्षेत्र में लोग आपसे काफी खुश रहेंगे।

---

अक्षय तृतीया

# हे परशुराम, अब कब तक इंतजार करें?

**प्रियंका सौरभ**



आज जब हम भगवान परशुराम की जयंती मना रहे हैं, तब हमें यह समझना होगा कि उनका जीवन और उनका संदेश सिर्फ इतिहास की पंक्तियों में कैद नहीं है। उनका चरित्र, उनके आदर्श और उनके संघर्षों की गूंज आज भी हमारे समाज में मौजूद है। परशुराम ने केवल अन्याय के खिलाफ युद्ध नहीं लड़ा, बल्कि उन्होंने यह भी सिखाया कि धर्म, सच्चाई और मानवता के लिए खड़ा होना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। आज के समाज में न्याय, सत्य, और धर्म की तलाश एक ऐसे संघर्ष की तरह है जिसे मानो हमने खुद ही भूल दिया हो। हमें सही राह दिखाने वाला कोई नहीं है। क्या हमें सच में यह मान लेना चाहिए कि हमें बस चुप रहकर, सिर झुका कर, देखता रहना है? नहीं! हम उठेंगे। हम आवाज उठाएंगे। हम कोई और नहीं, हम वही लोग हैं जिन्हें हमारे ही समाज ने भुला दिया है। हम युवा हैं, हम जागरूक हैं, हम जानते हैं कि न्याय सिर्फ किताबों में नहीं, बल्कि हर गली, हर सड़क पर होना चाहिए। हमने देखा है कि इस कलियुग में सत्ता के खेल, भ्रष्टाचार के जाल, और राजनीति के चक्रव्यूह ने समाज को बुरी तरह जकड़ लिया है। जहाँ सत्य को कुचला जाता है, वहाँ अन्याय फलता-फूलता है। हर कदम पर हमें धोखा मिल रहा है, हर मोड़ पर हम ठगे जा रहे हैं। ऐसे में, यह पुकार हैः हे परशुराम, अब कब तक तुम हमारे बीच नहीं आओगे? कब तक हम अन्याय और अत्याचार का सामना करते रहेंगे? कब तक हमें झूठ के इस जाल में उलझने दिया जाएगा?



आज हर गली, हर मोहल्ले में, हर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर, बुराई और कुकृत्य की लहरें उठ रही हैं। पेड न्यूज से लेकर सोशल मीडिया ट्रेंड्स तक, हर जगह झूठ का साम्राज्य है। लेकिन हम चुप नहीं रह सकते। हम एक नई आवाज उठाएंगे, एक आवाज जो कुत्सित सिस्टम को चुनौती देगी। हम तुमसे बस यही सवाल करते हैं, हे परशुराम, क्या तुम फिर से धरती पर धर्म की स्थापना करने के लिए तैयार हो? क्या हम यह समझ लें कि सच्चाई को कभी नहीं मिलेगा? क्या हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि दुनिया केवल चापलूसी, भ्रष्टाचार और छल से चलती है? नहीं! हम यह नहीं मानते। हम जानते हैं कि अगर किसी में ताकत है तो वह तुम हो, परशुराम! तुम्हारा फरसा वही हथियार है जो हमे आज चाहिए। वह फरसा जो अत्याचार और दमन को रौंद कर हमें फिर से इंसानियत और सत्य का रास्ता दिखाए। क्या तुम अपना फरसा उठा कर फिर से इस दुनिया को एक मौका दोगे? आज की तारीख में, यह कोई ढूंढी हुई कहानी नहीं, बल्कि यह हमारी हकीकत है। जब इस राष्ट्र में हर एक नागरिक सच्चाई की तलाश में है, जब न्यायालय के दरवाजों पर प्रतीक्षा का अंधकार फैला हुआ है, जब विधायिका और कार्यपालिका दोनों ही स्वार्थ में लिप्त हैं, तब कोई तो चाहिए जो यह सब खत्म कर सके। हम आशा करते हैं कि कोई परशुराम आएगा। पर हम यह भी जानते हैं कि यह परिवर्तन सिर्फ स्वर्गीय नहीं, बल्कि हमारे भीतर से ही आना चाहिए। क्या तुम आओगे, परशुराम? हम तुम्हारे फरसे का इंतजार नहीं करेंगे, हम अब खुद को संगठित करेंगे। हम अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। हम वह बदलाव लाएंगे, जो कभी तुम्हारे युग में हुआ था। आज एक नायक की जरूरत नहीं है, आज एक सामूहिक चेतना की जरूरत है। यह युवा पीढ़ी उठ खड़ी हो चुकी है, हमें सच्चाई और न्याय का अधिकार चाहिए, और हम इसे किसी कीमत पर छोड़ने वाले नहीं हैं। हम यह लड़ाई सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि हर उस इंसान के लिए लड़ेंगे जिसे न्याय से वंचित किया गया है।

हम उस समाज के खिलाफ खड़े होंगे, जहाँ आत्म-सम्मान और मानवाधिकार सिर्फ शब्द बनकर रह गए हैं। सच की राह पर हमें फिर से चलाओ। अंधेरे में फिर से वह दीप जलाओ, जो मानवता को रोशन कर सके। तुम्हारा फरसा हमारी उम्मीद है, और उस फरसे से हम समाज के हर झूठ को काट डालेंगे। हम अब चुप नहीं रहेंगे, हम आवाज उठाएंगे, हम धरती को फिर से सच्चाई से भर देंगे। यही वक्त है, यही जगह है, यही लड़ाई है—हमारे लिए और हमारे बच्चों के लिए। परशुराम की जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि एक अवसर है जब हम अपने समाज को पुनः धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। यह समय है जब हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

---

# एक थे हमारे छेदी भइया, जिनके सब थे अपने

## जनसंपर्क अधिकारी छगन लोन्हारे ने किया पुण्य स्मरण

समाज में ऐसे बिरले ही होंगे जिनका कोई दोस्त और दुश्मन नहीं होगा। लेकिन बतौर जनसम्पर्क अधिकारी डॉ छेदीलाल तिवारी उस महते विभाग में जनसम्पर्क अधिकारी रहते हुए भी सिर्फ और सिर्फ दोस्त बनाये। उनका कोई दुश्मन नहीं था। इसी का परिणाम है कि भौतिक जीवन को वर्षों पूर्व अलविदा कर चुके छेदी भइया आज भी सभी के ज़ेहन में हैं। प्रेस-मिडिया से लेकर महकमें के वरिष्ठ और कनिष्ठ ही नहीं चतुर्थ वर्ग कर्मी तक उनका 27 अप्रेल 2021 को उनके चाहने वालों को यूं छोड़कर चला जाना आज भी खलता है। उनका पुण्य स्मरण करने वालों की वैसे तो लंबी फेहरिस्त है, जिसमे उनके सहकर्मी रहे जनसंपर्क अधिकारी छगन लोन्हारे हैं जिन्होंने उनके लिए श्रद्धांजलि स्वरुप उनकी याद ताज़ा करने के लिए शहर सत्ता को माध्यम बनाया। डॉ छेदी लाल (CL.) तिवारी का 27 अप्रेल 2021 क़ो हमारे बीच से हमें छोड़ कर जाना एक स्तब्ध कर देने एवं झकझोरने वाली खबर थी। वैश्विक महामारी कोरोना ने न जाने कितने परिजनों को असमय छीना है। अपने प्रिय परिजनों को खोने का गम जिंदगी भर सालता रहेगा। माननीय प्रधानमंत्री ने अप्रैल- मई 2021 में जिलाधीशों की वीडियो कांफ्रेस (VC )में कहा था कि कोरोना वायरस धूर्त है। यह तेजी से अपना रूप बदलता है ब्लैक फंगस इसका नया उदाहरण है इसकी दूसरी लहर ज्यादा घातक निकली। इसमें अनेक लोग काल कलवित हो गये, कई लोगो ने अपने आत्मीय जनो क़ो खोया है छतीसगढ़ संवाद में कार्यरत रितेश कामड़े भी कोरोना लहर कई चपेट में आ गये और हमसे जुदा हो गये। डॉ तिवारी को मैं और राजेश श्रीवास भाई हमेशा से डॉ साब कहकर ही सम्बोधित करते थे। वो भी मुझे मित्र



कहकर संबोधित करते रहे। उनकी बातचीत का प्रस्तुतिकरण का कोई सानी नही। वे कभी कभी किसी बात पर बहुत ही हँसाया करते थे। आदरणीय एसआर लहरे भाई जब कोरिया में क्क्र ह्व थे तब तत्कालीन माननीय श्रम मंत्री भैय्या लाल राजवाड़े से जुड़े समाचारो के सम्बन्ध में उनसे वार्तालाप एवम परस्पर संवाद कायम रहता रहा है। उन्होंने अपनी काबिलियत के दम पर अपना मुकाम हासिल किया था। उनमे एक सफल जनसम्पर्क अधिकारी के सारे गुण मौजूद थे। सुनील तिवारी भाई ( जगदलपुर ) सहित जिलों में पदस्थ अन्य साथियों से भी उनका सम्पर्क बना रहता था। जब वे यानि डॉ तिवारी बस्तर में कार्यरत थे छग विधानसभा आम चुनाव 2018 के समय मेरी उनसे बातचीत होती रहती थी तब उन्होंने बताया था कि चुनाव आचार संहिता के चलते दिवाली पर्व में जिला निर्वाचन अधिकारी यानि तत्कालीन कलेक्टर बस्तर से मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नही मिलने के कारण वे तिहार में अपने परिवार के बीच नही आये वही थे ड्यूटी स्थल में। वैसे लिखने के लिए तो बहुत कुछ है खेर..! परमपिता ईश्वर से उनके सभी चाहने वाले यही कामना करते हैं वो जहां भी हों तृप्त रहें।

# घर-घर जाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड, 66.48 प्रतिशत लोगों का बना कार्ड

■ आयुष्मान कार्ड से सालाना 5 लाख तक का होगा कैशलेस इलाज़

■ 70+ उम्र के बुज़ुर्गों को मिलेगा आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 28 अप्रैल।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में और गांव गांव में कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत आयुष्मान मित्रों के द्वारा दूरस्थ बसाहटों में जाकर ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। सुकमा जिले के आयुष्मान भारत योजना के जिला नोडल अधिकारी सुमीना ने बताया कि सुकमा जिले के कोंटा, छिंदगढ़ और सुकमा विकासखंडों में कुल 82,324 पंजीकृत राशन कार्ड धारक हैं जिसके अनुसार कुल आयुष्मान कार्ड हितग्राहियों की संख्या 2,59,979 है जिसमें से 1,72,827 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। बच्चे हुए 87,152 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुज़ुर्ग को हॉस्पिटल में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे बुज़ुर्गों को आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ दिया जाएगा।



### बुज़ुर्गों को घर बैठे लाभ

शासन की इस जनकल्याणकारी पहल के तहत स्वास्थ्य कर्मी वरिष्ठ नागरिकों के घर जाकर उनका पंजीकरण कर रहे हैं और उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान कर रहे हैं। इससे उन्हें अस्पतालों में जाकर लंबी कतारों में लगने और जटिल कागजी प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता नहीं है।

### 5 लाख तक का मुफ्त इलाज

आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभार्थी वर्ष में 5 लाख रुपये तक का कैशलेस मुफ्त इलाज देशभर के सूचीबद्ध अस्पतालों में प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से बुज़ुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है, जो अक्सर महंगे इलाज के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं।

## जगरगुंडा के साप्ताहिक बाजार में लगा स्वास्थ्य शिविर



■ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने की लोगों की जांच

**सुकमा, 29 अप्रैल।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार दूरस्थ क्षेत्र जगरगुंडा के साप्ताहिक हाट बाजार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉ. अनमय (जनरल सर्जन), डॉ. विवेक (बाल रोग विशेषज्ञ) और डॉ. अखिलेश (जो जिला अस्पताल में पदस्थ हैं) ने मरीजों का स्वास्थ्य जाँच कर इलाज किया। शिविर में लगभग 55 ग्रामीण स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे थे। यह शिविर जगरगुंडा के साप्ताहिक बाज़ार के दिन लगाया गया था, ताकि अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ मिल सके। यह शिविर उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से सहायक सिद्ध हुआ जो स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुँच पाते। शासन के इस कल्याणकारी पहल से ग्रामीणों को उनके हाट बाज़ार में ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रहा है। पीपीआइए फेलो सुश्री आर्कजा कुठियाला भी डॉक्टरों के साथ उपस्थित थीं, ताकि वे नागरिकों की समस्याओं को समझ सकें और उन्हें संबंधित विभागों तक पहुँचाया जा सके।

## एक नज़र

### डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक 1 मई को

**धमतरी 29 अप्रैल।** जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद की बैठक आगामी एक मई को आहूत की गई है। दोपहर तीन बजे से यह बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास श्री अबिनाश मिश्रा ने इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### अनाज, दलहन-तिलहन और आधार, प्रमाणित बीजों का विक्रय दर निर्धारित

**धमतरी 29 अप्रैल।** राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति की बैठक में समिति द्वारा अनुमोदित खरीफ 2025 के लिए अनाज, दलहन-तिलहन प्रमाणित बीजों का विक्रय दर निर्धारित किया गया है। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर बीज विक्रय दर निर्धारित किया गया है। खरीफ 2025 के लिए विक्रय दरें धान मोटा के लिए तीन हजार 550 रूपये, धान पतला के लिए चार हजार 30 रूपये, धान सुगंधित चार हजार 650 रूपये, कोदो सात हजार 300 रूपये, रागी चार हजार 500 रूपये, उड़द 11 हजार 300 रूपये, मूंग 11 हजार 400 रूपये, कुल्थी सात हजार 750 रूपये, सोयाबीन सात हजार 400 रूपये, मूंगफल्ली 11 हजार 900 रूपये, तिल 19 हजार 300 रूपये, रामतिल 13 हजार रूपये, ढेंचा नौ हजार 900 रूपये, सनई 11 हजार 600 रूपये, अरहर 10 वर्ष के अंदर 11 हजार 800 रूपये और अरहर 10 वर्ष के ऊपर का 12 हजार 500 रूपये प्रति क्विंटल विक्रय दर निर्धारित किया गया है। इसके तहत आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बजों की विक्रय दरों से एक सौ रूपये प्रति क्विंटल अधिक होगी।

### जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत संविदा भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत स्वीकृत शल्यक्रिया विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ के 1-1 पद के लिए संविदा भर्ती वॉक इंटरव्यू के माध्यम से लिया जाएगा। उक्त पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं योग्यताधारी उम्मीदवार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव गुरूद्वारा के सामने प्रति सोमवार शासकीय अवकाश हो छोड़कर (पद पूर्ति तक) प्रातः 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### 4.320 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देशी मदिरा संत्री जब्त

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला श्री राजकुमार कुर्रे, आबकारी आरक्षक श्री भोजराज उइके, श्री अनिल सिन्हा, श्री मनीष रजक के दल द्वारा ग्राम आमाटोला बागनदी में हेमराज मरसकोले मकान से महाराष्ट्र निर्मित देशी मदिरा संत्री 24 पाव मात्रा कुल 4.320 बल्क लीटर जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा सभी वृत्त प्रभारियों को होटल ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।

# सभी अधिकारी संवेदनशील होकर विभागीय कार्यों का करें संपादन: डॉ.कमलप्रीत सिंह

■ बस्तर प्रभारी सचिव ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 29 अप्रैल।** बस्तर जिला प्रभारी सचिव डॉ.कमलप्रीत सिंह ने कहा कि बस्तर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, यहाँ पर शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन में सभी अधिकारी संवेदनशील होकर संपादन करें। प्रभारी सचिव श्री सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कही। बैठक में सुशासन तिहार के प्राप्त आवेदनों पर चर्चा कर उनके गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निराकरण की जानकारी सुशासन शिविर में आवेदन कर्ता को देने के लिए निर्देशित किए। बैठक में प्राप्त आवेदनों का विभाग समीक्षा भी किए जिसमे सामाजिक पेंशन के प्रकरण, उज्ज्वला योजना के आवेदन,शौचालय के आवेदन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वन अधिकार मान्यता पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के कचरा संग्रहण व निर्मित शेड के तहत सेग्रीगेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना स्थायी प्रतीक्षा सूची पीडब्ल्यूएल में बचे हुए परिवार एवं आवास प्लस की प्रगति, मनरेगा,आंगनबाड़ी पीडीएस भवन, कुआ निर्माण के कार्यों की समीक्षा किए। उन्होंने समीक्षा के दौरान पीएमजीएसवाय के स्वीकृत कार्यों को मई जून तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।पीएमजीएसवाय -4 और जुगा के छूटे बसाहटो को भी जोड़ कर विकास कार्य करें। प्रभारी सचिव ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली अन्तर्गत राशन सामाग्रियों का भण्डारण एवं वितरण में गुड़ व चना की उपलब्धता का संज्ञान लिया। मध्यान भोजन योजना, शिक्षक युक्तियुक्तकरण, शिक्षक विहीन स्कूल, का समीक्षा करते हुए कहा कि एक ही परिसर में संचालित स्कूलों के शिक्षकों का उपयोग शिक्षक की कमी वाले में किया जा सकता है। उन्होंने छात्रवृत्ति में स्वीकृत विद्यार्थियों को राशि डिसबर्स की गैप का संज्ञान लिया उसके बचे राशि का भुगतान जल्द करवाने के निर्देश दिए ।कौशल विकास में प्रशिक्षण के बाद उसका रोजगार की व्यवस्था का संज्ञान लिया। पीएम विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण पीएमकेवीवाय योजना अंतर्गत प्रशिक्षण उपरांत उनके स्कील का एसेसमेट करवाने कहा । कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग प्रधानमंत्री सम्मान निधि में ई केवायसी की स्थिति,आधार सिडिंग की स्थिति, लैण्ड सिडिंग की स्थिति की प्रगति। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, रबी-खरीफ में धान का रकबा कितना है। धान के बदले अन्य योजना हेतु , लघु वनोपज का संग्रहण ऑन लाईन पेंमेट की स्थिति, तेदुपत्ता का संग्रहण अन्य लघु वनोपज संग्रहण, इमली संग्रहण, वन्य प्राणी द्वारा जनहानि की समीक्षा किये। लोक निर्माण विभाग के जिले में स्वीकृत, प्रगतिरत, सड़कों के मरम्मत संधारण कार्य भवन निर्माण कार्य, निर्माण कार्य में विलंब करने वाले ठेकेदारों को हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के संबंध में पानी की उपलब्धता का स्त्रोत का संज्ञान लिया। जल-जीवन में पाईप लाईन ओवरहेड पम्प को चालू हालत में रखें और सभी घर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

## शिक्षकों पर गैर-शैक्षणिक कार्यों का दबाव, बीईओ पर पक्षपात के गंभीर आरोप




**कोंटा, सुकमा, 27 अप्रैल।** कोंटा क्षेत्र के शिक्षकों के बीच भारी आक्रोश फैल गया है। पढ़ाई के मूल कार्य को छोड़कर शिक्षकों पर तेंदूपत्ता तोड़ाई निगरानी, डोर-टू-डोर सर्वे और अन्य गैर-शैक्षणिक गतिविधियों का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। इससे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शिक्षकों का आरोप है कि पढ़ाई के समय में भी उन्हें तेंदूपत्ता संग्रहीत कार्य, सर्वेक्षण और अन्य कार्यों में झोंक दिया गया है। कई शिक्षकों ने शिकायत की है कि राजनीतिक प्रभाव वाले शिक्षकों को ऐसे कार्यों से छूट दी गई है, जबकि ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों पर जानबूझकर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी पर पक्षपातपूर्ण रवैये का सीधा आरोप लगा है। नाराज शिक्षकों ने एसडीएम शबाब खान से मिलकर मामले की गंभीरता से शिकायत की है और निष्पक्ष जांच तथा न्याय की मांग की है। शिक्षकों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**शिक्षकों की पीड़ाः** हमसे शिक्षा के साथ तेंदूपत्ता गिनती, सर्वे कार्य, अन्य विभागीय गतिविधियां कराई जा रही हैं। पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो रही है। मानसिक दबाव इतना बढ़ गया है कि शिक्षकीय कार्य से भी विमुख होना पड़ रहा है, एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया।

**प्रशासनिक हलकों में हलचलः** इस मामले ने जिला प्रशासन के गलियारों में भी हलचल मचा दी है। जानकारों के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है और जल्द उच्चस्तरीय बैठक हो सकती है। जनता और अभिभावकों का सवालः जब शिक्षक ही परेशान रहेंगे तो बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी? स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शिक्षा विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## सरयूपारिण ब्राह्मण समाज का भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया पर्व पर भव्य आयोजन




**जगदलपुर, 29 अप्रैल।** सर्यूपारिण ब्राह्मण समाज द्वारा 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के पावन पर्व को धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाने हेतु एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर सनातन धर्म की महिमा, अक्षय तृतीया के विशेष महत्व और भगवान परशुराम जी के जीवन आदर्शों की जानकारी दी गई। समाज के पदाधिकारियों ने माँग की कि अनुपमा चौक का नाम बदलकर ÷परशुराम चौक÷ घोषित किया जाए, जिससे सनातन संस्कृति एवं भगवान परशुराम के गौरवशाली चरित्र का सम्मान बढ़े।

**कार्यक्रम की रूपरेखा-** अनुपमा चौक में सुबह 9 बजे भगवान पासुराम जी की पूजा अर्चना होगी। शाम 4:00 बजे – दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में सभी ब्राह्मण समाज के लोग एकत्र होकर रैली के पश्चात विधिवत पूजा-पाठ की जाएगी। एक भव्य शोभायात्रा दंतेश्वरी के पास से निकाली जाएगी, जो दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से होते हुए संजय मार्केट,चांदनी चौक, मैंन रोड चौक, गोलबाजार, सीरासार चौक से होते हुए वापस दंतेश्वरी मंदिर स्थल पर पहुंचेगी। **महा आरती —** शोभायात्रा के समापन पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। भंडारा – अंत में मावली माता मंदिर में भोग, प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन होगा। समस्त नगरवासियों से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन की भव्यता बढ़ाने की अपील समाज लोगो ने की है।

## मोर दुआर-साय सरकार महाभियान के तहत सर्वेक्षण करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2023 तक राजनांदगांव जिले में स्वीकृत 27442 आवासों में से 27081 आवास पूर्ण हो चुके है तथा शेष 361 आवास प्रगतिरत है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में 29584 आवास स्वीकृति कर लिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवासों के लिए जारी पहली और दूसरी किश्त के आधार पर निर्माण कार्य प्रगति पर 7318 आवास पूर्ण हो चुके हैं। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छुटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर लाभांवित के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितम्बर 2024 को आवास प्लस 2.0 मोबाईल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया था। भारत सरकार द्वारा 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक राजनांदगांव जिले में 11 हजार 145 सेल्फ सर्वे एवं प्रगणक द्वारा 62 हजार 565 कुल 73 हजार 710 परिवारों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। ग्राम पंचायतों में सर्वे करने हेतु ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है। प्रगणकों द्वारा आवास प्लस 2.0 मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। यदि कोई पात्र परिवार सर्वेक्षण में छुट गया हो तो प्रगणकों से संपर्क कर 30 अप्रैल 2025 से पहले अपना नाम सर्वेक्षण में सम्मिलित करा सकते है।

## सुशासन तिहार के तहत किसानों को बी-1 एवं किसान किताब का किया गया वितरण



**सुकमा, 29 अप्रैल।** जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत किसानों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का तीव्र गति से निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों द्वारा किए गए आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ उन्हें बी-1 तथा किसान किताब का वितरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के कुशल निर्देशन तथा मार्गदर्शन में यह कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हो किया जा रहा है। सुशासन तिहार के दौरान किसानों और नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी व्यक्ति के आवेदन निराकरण में विलंब न हो।कलेक्टर श्री ध्रुव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता के साथ त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनता को सुगम, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करना है। सुशासन तिहार के अंतर्गत सुकमा तहसील में किसानों को बी-1 प्रतिलिपि का वितरण किया जा रहा है, वहीं कोंटा तहसील में किसानों को उनकी किसान किताब सौंपी जा रही है। इन दस्तावेजों के वितरण से किसानों को अपनी भूमि का स्पष्ट विवरण उपलब्ध हो रहा है, जिससे बंटवारा, नामांतरण, ऋण स्वीकृति तथा अन्य भूमि संबंधी कार्यों में उन्हें विशेष सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन कर किसानों को उनके दस्तावेज मौके पर ही प्रदान किए जा रहे हैं। भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और अद्यतन प्रक्रिया को भी इस दौरान और तेज कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप प्रत्येक नागरिक को उनके भूमि अभिलेख अद्यतन स्थिति में उपलब्ध कराया जा रहा है।

■ राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी, लोगों को मिल रही बड़ी सुविधा

## छात्रों का प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान




**बचेली, 29 अप्रैल।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचेली में कक्षा 11वीं के हेल्थ केयर और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के छात्राओं के द्वारा 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण होने पर स्कूल की एस एम डी सी अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिंह जी एवं वार्ड क्रमांक 03 के पार्षद श्री हरीश शर्मा एसएमडीसी सदस्य के द्वारा छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदाय कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर शाला की प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक श्री अक्षय कुमार सेठिया ,शिक्षिका सुश्री धारणी पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

## प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम में साइंस सेंटर दंतेवाड़ा का हुआ विशेष उल्लेख

■ जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने मंडल कटेकल्याण में कार्यकर्ताओं के साथ सुना प्रधानमंत्री का संदेश



**दंतेवाड़ा 29 अप्रैल।** कटेकल्याण ब्लॉक के मंडल कटेकल्याण, बूथ क्रमांक 170 में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम %मन की बात को सुना। इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से दंतेवाड़ा जिले में संचालित साइंस सेंटर का उल्लेख करते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे यह साइंस सेंटर ग्रामीण और आदिवासी अंचल के बच्चों के लिए विज्ञान और तकनीकी शिक्षा का एक सशक्त मंच बन रहा है। उन्होंने इसे दंतेवाड़ा के नवाचार और प्रगतिशील सोच का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस तरह के प्रयासों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है और जिले के भविष्य को एक नई दिशा मिलती है। साइंस सेंटर न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि जिले के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने इस अवसर पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दंतेवाड़ा के साइंस सेंटर का उल्लेख करना जिले के लिए गौरव का क्षण है।

# कमिश्नर ने ब्लॉकों के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की चर्चा

■ रिकॉर्ड रूम को मतदान स्ट्रांग रूम की तर्ज पर रखें ताकि राजस्व रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखा जाए

**जगदलपुर 29 अप्रैल।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने कहा कि उसुर,कोंटा,ओरछा और दुर्गकोंदुल जैसे अंदरूनी ब्लॉकों में आप लोगों को द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आप लोगों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण बंटवारा और एफआरए के कार्यों को अभियान के रूप में कार्य करें। राजस्व के प्रकरण को समय सीमा के अंदर निराकरण करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री सिंह सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बीजापुर जिले के उसुर, सुकमा जिले के कोंटा,नारायणपुर जिले के ओरछा और कांकेर जिले के दुर्गकोंदुल के राजस्व अधिकारियों सहित ब्लॉक के शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, विद्युत विभाग, कृषि और पीएचई विभाग के अधिकारियों से संवाद कर आवश्यक निर्देश दिए।



कमिश्नर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से उनके अनुभाग से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा,वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, रिकॉर्ड रूम, निर्णित प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा किया जाना के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि राजस्व के प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में व्यवस्थित रखें, रिकॉर्ड रूम को मतदान स्ट्रॉग रूम के तर्ज पर रखें ताकि राजस्व रिकॉर्ड और वन अधिकार मान्यता पत्र के रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखा जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए नेटवर्क की व्यवस्था दुरुस्त रखें। साथ ही तहसीलदार-नायब तहसीलदार कार्यालय में नामान्तरण, सीमांकन, बंटवारा, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र का संज्ञान लिया। कमिश्नर ने कहा कि वन विभाग द्वारा एफआरए के प्रकरण पर कार्यवाही नहीं होने पर कमिश्नर कार्यालय को जानकारी देने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के द्वारा आधार कार्ड,राशन कार्ड, सुशासन तिहार के लक्ष्यों की जानकारी दी। इस पर आधार कार्ड और राशन कार्ड का लक्ष्य के आधार जानकारी देने के निर्देश दिए।

खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा न्योता भोज,सरस्वती साईकिल वितरण,मध्यान्ह भोजन का संज्ञान लिया और कमिश्नर ने न्योता भोज का आयोजन अधिक से अधिक करवाएं और जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने पर जोर दिया। साथ ही समर कैंप का आयोजन के सम्बन्ध में कार्ययोजना का संज्ञान लिया । मध्यान्ह भोजन बनाने वाले सहायिकाओं का भुगतान स्थिति का संज्ञान लिया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जनेरिक औषधियों की उपलब्धता, पेयजल-विद्युत व्यवस्था,मौसमी बिमारियों की रोकथाम, आयुष्मान कार्ड का संज्ञान लिए मितानिनों की दवा पेटी का परीक्षण करवाकर दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सभी अनुभागीय अधिकारी राजस्व या तहसीलदारों के द्वारा बीच-बीच में स्वास्थ्य कर्मियों की दवाइयों की जांच किया जाए। ओरछा जैसे क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड का अनुमानित लक्ष्य के आधार पर कार्ड बनाने हेतु नेट की सुविधा स्थल पर शिविर आयोजित करने कहा।परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास से गर्म भोजन, टीएचआर, आगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल एवं विद्युतीकरण का व्यवस्था का संज्ञान लिया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन का समय का भी संज्ञान लिया।

## माओवादियों ने फिर जारी किया पत्र, ऑपेरशन रोकने और शांति वार्ता करने की अपील की

**सुकमा, 29 अप्रैल।** नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि शांति वार्ता के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए हत्याकांडों पर रोक लगाई जाए और देश के छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश राज्यों में एक समयसीमा के साथ युद्ध विराम की घोषणा की जाए. केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता ने कहा कि सरकार के साथ शांति वार्ता करने के लिए वे तैयार हैं. उन्होंने बताया कि शांति वार्ता के लिए उन्होंने पहले ही तीन प्रेस विज्ञप्तियां जारी की हैं और उनके पीएलजीए बलों की सशस्त्र कार्रवाइयों को रोकने के लिए आदेश जारी किए गए हैं. नक्सली संगठन ने सरकार की कार्रवाई की निंदा की है और कहा है कि सरकार द्वारा उनके कामरेडों की हत्या की जा रही है और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संविधान का उल्लंघन किया जा रहा है और लोगों को जीने का अधिकार नहीं दिया जा रहा है. नक्सली संगठन ने देश के तमाम जनवादी प्रेमियों, पत्रकारों और शांतिकामियों से अपील की है कि शांति वार्ता के लिए उनकी जायज मांग का समर्थन करें और सरकारों पर दबाव डालें कि वे शांति वार्ता के लिए सहमत हों.

एक नज़र

## पुलिस की बाहरी व्यक्तियों पर पैनी नजर



**रायगढ़,29 अप्रैल।** जिले भर में बाहरी राज्यों से आकर बिना सूचना दिये रह रहे व्यक्तियों की सघन जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में आज भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया, जिसमें बिना थाने में सूचना दिए रह रहे कुल 41 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

थाना कोतरारोड क्षेत्र में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पावर ग्रिड कोतरा क्षेत्र में कार्यरत बाहरी मजदूरों की जांच की गई। जांच के दौरान प्राइवेट ठेकेदार के अधीन कार्यरत 31 व्यक्ति, जो पश्चिम बंगाल के निवासी हैं, बिना थाने में सूचना दिए पाए गए। सभी पर धारा 128 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई और कड़ी समझाइश दी गई। इसी तरह चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम लामीदरहा, रेगड़ा और पहाड़ मंदिर में अभियान चलाया गया, जहां उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के रहने वाले 6 व्यक्ति बिना सूचना दिए फेरी का कार्य करते पाए गए। उन पर भी धारा 128 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।उधर, थाना पुसौर प्रभारी निरीक्षक रामकिंकर यादव ने अपनी टीम के साथ ग्राम ठेंगापाली में जांच की, जहां पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के दो व्यक्ति बिना सूचना दिए कबाड़ का काम करते पाए गए। दोनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। तमनार पुलिस ने ग्राम बिजना में जांच के दौरान दो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जो बिना सूचना के रह रहे थे, उन पर भी धारा 128 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई।इसी अभियान के तहत थाना पूंजीपथरा क्षेत्र अंतर्गत प्लांट एरिया में कार्यरत दीगर प्रांत के कर्मचारियों की जांच निरीक्षक राकेश मिश्रा व उनके स्टाफ द्वारा की गई। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरमार और मस्जिदपारा में भी जांच की गई, जहां हाल ही में आए बाहरी व्यक्तियों ने थाना में सूचना दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ने भी बाहरी व्यक्तियों को अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त समझाइश देते हुए चेतावनी दी कि यदि कोई शिकायत पाई गई तो उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगी प्राथमिकता: कलेक्टर

**रायगढ़, 29 अप्रैल।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिले के कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने दिन में अधिकारियों की बैठक लेने के बाद शाम में मीडिया प्रतिनिधियों से मुलाकात की। कलेक्टर चतुर्वेदी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ जिले में चल रही अधोसंरचनात्मक विकास के कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे हों और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकताओं में रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके पहले वे दंतेवाड़ा में कलेक्टर के पद पर कार्यरत थे। वहां की चुनौतियां और समस्याएं अलग थी। अब रायगढ़ जिले में काम करने का मौका मिला है। रायगढ़ एक बड़ा जिला है, यहां की समस्याएं भी अलग हैं। इन समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासनिक स्तर पर हर संभव प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने लोगों से मिलकर उनके समस्याओं के निराकरण के सवाल पर कहा कि हर सप्ताह कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन तो होता ही है। इसके साथ ही उनके कार्यालय में लोग आकर उनसे सीधे मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि आपके माध्यम से जनसमस्याएं पहुंचती हैं। उनके निराकरण के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा।

सहायक कलेक्टर के रूप में रायगढ़ में कर चुके हैं काम-कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने पूर्व में रायगढ़ में पदस्थापना के संबंध में बताया कि रायगढ़ से ही उन्होंने अपने प्रशासनिक करियर की शुरुआत की थी।

यहां सहायक कलेक्टर के रूप में 2018-19 में काम करने का मौका मिला। अब यहां कलेक्टर के रूप में फिर से कार्य करने का अवसर मिला है तो नए दायित्व के साथ जिले के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे।

# जिले में तेंदूपत्ता तोड़ाई के पहले दिन 7 लाख पत्तों की खरीदी, फड़ का शालिनी रैना और लक्ष्मण सिंह ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,29 अप्रैल।** गरियाबंद जिले में तेंदूपत्ता तोड़ाई के सीजन का आज शानदार आगाज हुआ। पहले दिन जिले के चार से पांच तेंदूपत्ता फड़ों पर खरीदी कार्य शुरू हुआ, जिसमें लगभग 7 लाख तेंदूपत्तों की खरीदी की गई। इस अवसर पर रायपुर वन वृत्त की ए.पी.सी.सी. प्रभारी श्रीमती शालिनी रैना और गरियाबंद जिला तेंदूपत्ता संघ के प्रबंध संचालक एवं डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ धुवागुडी के फरसरा गांव के फड़ का दौरा कर तेंदूपत्ता तोड़ाई और खरीदी प्रक्रिया का बारिकी से निरीक्षण कर समुचित दिशा निर्देश दिया इस अवसर पर श्रीमती शालिनी रैना ने संग्राहकों को कहा कि अच्छे गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता तोड़े और अधिक से अधिक लाभांश राशि प्राप्त करने का प्रयास करें तेंदूपत्ता तोडाई की राशि यथा शीघ्र उनको जल्द से जल्द प्रदान करने का प्रयास सतत जारी रहेगा।

### निरीक्षण के दौरान संग्राहकों से बातचीत

श्रीमती शालिनी रैना ने फरसरा गांव के फड़ पर पहुंचकर तेंदूपत्ता संग्राहकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं व अनुभवों को सुना। उन्होंने संग्राहकों से प्रति सैकड़ा दर की जानकारी ली और उन्हें न्यूनतम 500 गड्डी पत्ता तोड़ने के लिए प्रेरित किया। संग्राहक कार्ड में की गई प्रविष्टियों की जांच भी की गई ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। श्रीमती रैना ने संग्राहकों के साथ पिछले वर्षों में तेंदूपत्ता तोड़ाई से प्राप्त आय के बारे में भी चर्चा की, जिससे संग्राहकों में उत्साह देखा गया।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती रैना ने वन मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷कार्य में इसी तरह निगरानी और तेजी बनाए रखें। उच्च गुणवत्ता वाले तेंदूपत्तों की खरीदी से संग्राहकों को अधिक लाभ होगा, जिससे उनके जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण आएगा।÷ उन्होंने फड़ों पर संग्राहकों के लिए रोशनी और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### 7 लाख तेंदूपत्तों की खरीदी,और गुणवत्ता पर जोर

पहले दिन चार फड़ों पर लगभग 7 लाख तेंदूपत्तों की खरीदी की गई। डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वन विभाग का लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले तेंदूपत्तों की खरीदी करना है, ताकि संग्राहकों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने कहा, ÷हमारा प्रयास है कि वनवासियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए तेंदूपत्ता खरीदी प्रक्रिया को और बेहतर किया जाए। मैडम शालिनी रैना के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए हम इस दिशा में काम कर रहे हैं।

### सरगी नाला और चिगँरा पगार का भी दौरा

निरीक्षण के दौरान श्रीमती शालिनी रैना ने सरगी नाला का भी दौरा किया, जहां पिछले वर्ष लगभग 5 लाख पौधों का रोपण किया गया था। पौधों की स्थिति देखकर वे काफी प्रसन्न हुईं। इसके बाद वे चिगँरा पगार पिकनिक स्पॉट पहुंचीं, जहां प्राकृतिक सौंदर्य और मानव द्वारा निर्मित आकृतियों ने उनका ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने पर्यटकों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि इस स्थल को और आकर्षक बनाया जा सके।

### तेंदूपत्ता वनवासियों की आर्थिक रीढ़

छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता, जिसे हरा सोना भी कहा जाता है, वनवासियों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। राज्य सरकार ने इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण की दर को बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा कर दिया है, जो संग्राहकों के लिए बड़ी राहत है। गरियाबंद जिले में इस वर्ष 83,000 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 66,000 संग्राहक परिवारों को 45.65 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

### अधिकारियों का संकल्प

डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग संग्राहकों के हित में पारदर्शी और सुचारु खरीदी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ÷हमारा लक्ष्य न केवल खरीदी को बढ़ाना है, बल्कि संग्राहकों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना भी है। श्रीमती शालिनी रैना ने भी इस अवसर पर वन विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण से वनवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।तेंदूपत्ता तोड़ाई का सीजन अप्रैल के तीसरे सप्ताह से शुरू होकर जून के दूसरे सप्ताह तक चलता है। गरियाबंद जिले में इस वर्ष खरीदी प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं और अग्नि सुरक्षा उपाय भी लागू किए गए हैं। पहले दिन की सफलता ने संग्राहकों और अधिकारियों में उत्साह भर दिया है, और उम्मीद है कि यह सीजन वनवासियों के लिए आर्थिक समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा इस प्रकार, गरियाबंद में तेंदूपत्ता तोड़ाई के पहले दिन की शुरुआत न केवल आर्थिक गतिविधियों के लिए, बल्कि वन संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए भी एक सकारात्मक संदेश लेकर आई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हिमांशु डोंगरे ढ्ढस्नस् उप वन मण्डलाधिरी राजिम, मनोज चंद्राकर उप वनमंडलाधिकारी गरियाबंद, राजेंद्र सोरी उप वनमण्डलाधिकारी देवभोग, अतुल श्रीवास्तव ,उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन गरियाबंद, वन मंडल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी गण, क्षेत्र के परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक,पोषक अधिकारी, सीनियर एग्जिक्यूटिव तथा समिति प्रबंधक संबंधित,फड़ मुंशी,फड अभिरक्षक एवं संग्राहक उपस्थित थे।

# दर्रापारा जंगल में भालू के हमले में राय सिंह कमार गंभीर रूप से घायल,रायपुर रेफर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले मुख्यालय से सटे डोंगरीगांव पंचायत के दर्रापारा के निकटवर्ती जंगल में एक मादा भालू ने राय सिंह कमार नामक व्यक्ति पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले में राय सिंह के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर करना पड़ा। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, और वन विभाग ने ग्रामीणों से जंगल में सतर्कता बरतने की अपील की है।घटना का विवरणजानकारी के अनुसार, राय सिंह कमार तेंदूपत्ता सीजन के दौरान दर्रापारा के जंगल में तेंदूपत्ता बांधने की रस्सी तोड़ने गए थे। इस दौरान एक मादा भालू, जो अपने दो शावकों के साथ थी, ने अचानक उन पर हमला कर दिया। मादा भालू की आक्रामकता के कारण राय सिंह को बचने का मौका नहीं मिला, और हमले में उनके सिर, हाथ और पैरों में गहरी चोटें आईं। भालू के हमले की आवाज सुनकर राय सिंह की पत्नी और बच्चे मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर भालू को भगाने में कामयाब रहे, जिससे उनकी जान बच सकी।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल राय सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान उनकी हालत गंभीर पाए जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।तेंदूपत्ता सीजन में बढ़ी चुनौतीतेंदूपत्ता संग्रहण का मौसम छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है, लेकिन यह समय वन्यजीवों और ग्रामीणों के बीच संघर्ष की घटनाओं को भी बढ़ावा देता है। दर्रापारा जंगल में हुई यह घटना इस बात का प्रमाण है कि तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान जंगल में जाने वाले ग्रामीणों को वन्यजीवों, खासकर भालुओं, से खतरा बना रहता है। मादा भालू अपने शावकों की सुरक्षा के लिए अक्सर आक्रामक हो जाती है, और इस तरह की घटनाएं अप्रत्याशित रूप से सामने आती हैं।वन विभाग की प्रतिक्रियाघटना के बाद वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

# अवैध कबाड़ पुलिस ने जब्त किया



**रायगढ़,29 अप्रैल।** खरसिया थाना क्षेत्र में अवैध कबाड़ के खिलाफ प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो टन कबाड़ जब्त कर एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। आज दोपहर मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर, थाना प्रभारी खरसिया और हमराह स्टाफ द्वारा काली मंदिर रोड स्थित धनीराम गबेल के कबाड़ दुकान पर छापेमारी की गई।

मुखबिर से मिली सूचना के अनुसार दुकान के पीछे एक पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 11 एबी 1620 में अवैध रूप से कबाड़ का सामान भरा हुआ था। प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर अपने स्टाफ के साथ ग्राम चोढ़ा, बानीपाथर और रानीसागर का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे, तभी सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर जाकर तस्दीक की गई। छापेमारी के दौरान पीकअप वाहन में लोहे के सरिया, पाइप, वाहनों के पट्टे, एंगल, प्लेट के टुकड़े, लोहे की चादरें और रेलिंग पाइप सहित भारी मात्रा में कबाड़ लदा पाया गया।मौके पर धनीराम गबेल उपस्थित नहीं मिला। पूछताछ में धनीराम का रिश्तेदार राकेश गबेल पिता विजय कुमार गबेल उम्र 22 वर्ष निवासी परसा थाना मालखरौदा, हाल निवासी ग्राम छतौना, मिला। पूछताछ के दौरान राकेश गबेल कबाड़ सामग्री का कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।राकेश के कथनों और परिस्थितियों के मद्देनजर संदेह व्यक्त किया गया कि कबाड़ चोरी का अथवा किसी अन्य अपराध से संबंधित हो सकता है। इस आधार पर आरोपी राकेश गबेल के कब्जे से लगभग दो टन वजनी कबाड़ सामग्री, जिसकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये है, को धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त कर विधिवत कार्रवाई की गई।कबाड़ जब्ती की इस कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस श्री हर्षित मेहर के साथ एएसआई उमा शंकर धृतांत, प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, बिरीछ राम साण्डे, सोमेश गोस्वामी और आरक्षक मनोज भारती शामिल रहे।

# 50 नग सागौन चिरान फारा, 30 नग सागौन कड़ी चौखट वन अमले ने किया जब्त



**बीजापुर-भोपालपटनम,29 अप्रैल।** मददेड,भोपाल पटनम उपवन मंडल क्षेत्र अन्तर्गत मददेड वन परिक्षेत्र अधिकारी कृष्ण कुमार नेताम के मार्गदर्शन एवं सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी व समस्त स्टाफ के नेतृत्व में दिनाँक 25/04/2025 को रात्रि गस्त के समय लगभग 9ञ्30 बजे भोपालपटनम तहसील के अन्तर्गत मददेड के अंतिम छोर कोंगुपल्ली के पास एक पिकप वाहन को पकड़ा गया, महिंद्रा पिकप वाहन क्रमांक सी,जी, 20 के 3561,,(ष्टत्र,20 च 3561) वाहन मालिक का नाम सुख राम साहनी , मांझी पारा जिला बीजापुर निवासी हैं,।

पिकप वाहन में चिरान सहित दो आरोपियों को भी पकड़ा गया, पद्म महादेव, उम्र 36 वर्ष ग्राम कोंगुपल्ली बीजापुर जिला निवासी,यालम शंकर उम्र 44 वर्ष ग्राम कोंगुपल्ली बीजापुर जिला निवासी के द्वारा रात्री के समय पिकप वाहन में सागोन चिरान तस्करी कर रहे थे जिससे मुखबिर आ सुचना पर रात्री गस्त के दौरान मददेड वन परिक्षेत्र अधिकारी मददेड के मार्ग दर्शन समस्त स्टाफ के द्वारा भारी मात्रा में सागोन चिरान पकड़ा गया हैं,।मददेड रेंज के अधिकारी ,कर्मचारियों के सूज बुझ से पिकप, वाहन क्रमांक सी, जी, 20 के ,3561 को रोककर वाहन की तलाशी लेने पर वाहन मे 50 नग चिरान फारा 30 नग चौखट कड़ी, कुल 80 नग सागौन चिरान जप्त किया जिसकी कुल राशि 1,10892 =00 रुपिए बताया गया।तस्करों से पातासाजी करने पर उन्होंने बताया कि कोंगुपल्ली से बीजापुर जिले में मोटी रकम में बेचने के फिराक में वाहन मे ले जा रहे थे।लकड़ी चिरान मशीन वन एच पी , जप्त किया गया जो फारा चीरने का कार्य करता ,अवैध रूप से रख कर फारा चिरान मशीन की कीमत लगभग 30 से 35 हजार आंका गया है,वन विभाग द्वारा जप्ती कार्यवाही करते हुए चिरान मशीन सागोन चिरान फारा, कड़ी, पिकप वाहन को जप्त कर वन विभाग अपने कब्जे मे लिया है।

# प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 30 अप्रैल को

**बीजापुर 29 अप्रैल।** निजी क्षेत्र के संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक समस्त 18 वर्ष से अधिक उम्र के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अर्हताधारी आवेदकों का चयन कर भैरमगढ़, भोपालपटनम एवं दंतेवाड़ा के लिए ATM OPERATOR के 2-2 पद एवं CIT BIKER के बीजापुर के लिए 2 पद एवं बचेली के लिए 1 पद पर भर्ती किया जाना है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों के साथ 30 अप्रैल 2025 को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यालय बीजापुर में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 9348986016 में संपर्क कर सकते हैं तथा जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है। रोजगार से संबंधित अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के टेलीग्राम ग्रुप लिंक https://t.me/emplyoment_office_bijapur_cg में जुड़कर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



आवापल्ली। आवापल्ली में एक ही सहकारी बैंक होने से क्षेत्र के किसानों को हो रही है परेशानी ...

# मारे गए तीनों माओवादियों की पहचान हुई

**बीजापुर, 29 अप्रैल।** दिनांक 24/04/2024 को कोरागुटटा पहाड़ी एरिया में मारे गये माओवादियों की हुई शिनाख्ता प्रथम दृष्ट्या शिनाख्त में मारे गये तीनों माओवादी PLG बटालियन नम्बर 01 के सदस्य । प्रथम दृष्ट्या शव का शिनाख्त -1.हुंगी, PLG बटालियन नम्बर 01 की सदस्या, इनाम 08.00 लाख रूपये 2.सिन्टु, PLG बटालियन नम्बर 01 की सदस्या, इनाम 08.00 लाख रूपये 3शांति PLG बटालियन नम्बर 01 की सदस्या, इनाम 08.00 लाख रूपये आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरान्त सभी शव को ससम्मान मरच्युरी (शव विच्छेदन गृह) में परिजनों को सुपुर्द किये जाने हेतु रखा गया है ।







# सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें, समाज को नई दिशा दें :डॉ. ओमप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,29 अप्रैल।** जिले में देवांगन समाज द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मेलन में देवांगन समाज के उत्थान, एकता और प्रगति के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया।। सम्मेलन से पूर्व मां परमेश्वरी देवी की पूजा अर्चना की गई ।इस सम्मेलन में समाज के विभिन्न पहलुओं शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों का

उन्मूलन और अलग-अलग हिस्सों में बट कर ना रहे ,संगठनात्मक मजबूती पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ओम प्रकाश देवांगन (प्रदेश अध्यक्ष, देवांगन समाज छत्तीसगढ़), विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय महेश देवांगन (संरक्षक, देवांगन समाज छत्तीसगढ़) और अध्यक्षता चिरंजीव देवांगन (जिलाध्यक्ष, गरियाबंद) धनेश देवांगन प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ देवांगन समाज छत्तीसगढ़,शरद देवांगन प्रदेश उपाध्यक्ष देवांगन समाज छत्तीसगढ़ . नरेंद्र देवांगन वरिष्ठ अधिवक्ता गरियाबंद अपस्थित रहे,इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने एकजुट होकर समाज के समग्र विकास के लिए संकल्प लिया।इस औसर पर मुख्य अतिथि डॉ. ओम प्रकाश देवांगन ने कहा समाज के उत्थान के लिए शिक्षा को आधारशिला बताया। उन्होने कहा हमें अपने बच्चों, विशेषकर लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान कराना जरूरी है लड़कियों की शिक्षा न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज को सशक्त बनाती है। उन्होंने आगे कहा,एक संगठित समाज ही अपनी पहचान और शक्ति को स्थापित कर सकता है। हमें अपने संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने समाज के युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करें और



समाज को नई दिशा प्रदान करें।

विशिष्ट अतिथि महेश देवांगन का कुरीतियों के उन्मूलन पर जोर देते हुए कहा सामाजिक कुरीतिया समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा, शराब का सेवन, अनावश्यक प्री-वेडिंग वीडियो शूटिंग जैसी प्रथाएं न केवल हमारी संस्कृति को कमजोर करती हैं, हमें इन कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने समाज के प्रत्येक सदस्य से आग्रह किया कि वे इन प्रथाओं से दूरी बनाएं और अपने बच्चों को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाएं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया जिनमे,कु हिना देवांगन गरियाबंद , कु,पूर्णिमा देवांगन,कु,जाह्नवी देवांगन,कु,पूर्वी देवांगन,कु,राधिका देवांगन,कु, तामेश्वरी देवांगन ,चि, नितेश देवांगन,साथ ही जिला के विशेष जनप्रतिनिधि निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया,श्रीमति प्रगति देवांगन जनपद सदस्य गरियाबंद श्री मति कंचन देवांगन पाण्डुका छुरा जनपद पंचायत श्रीमति मधु देवांगन पार्षद नगरपालिका परिषद गरियाबंद श्रीमति ,सुनीता देवांगन उपसरपंच काटीदादर,,श्री शांतनु देवांगन पार्षद नगरपंचायत छुरा ।इस सम्मेलन में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपने विचार साझा किए और समाज के विकास के लिए सुझाव दिए। यह सम्मेलन देवांगन समाज के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ।देवांगन समाज अब इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है कि वह अपनी गौरवशाली परंपराओं को संजोते हुए शिक्षा, एकता के साथ समाज में फैली कुरीतियों को दूर करेगा और प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगा।कार्यक्रम में प्रमुख रुप से रोशन देवांगन संयोजक गरियाबंद,संतोष देवांगन राज अध्यक्ष बिन्द्रानवागढ़ , घनश्याम देवांगन राज अध्यक्ष गरियाबंद,पंचम देवांगन राज अध्यक्ष छुरा ,यतेंद्र देवांगन राज अध्यक्ष खल्लारी ,राम कुमार देवांगन,कमल नारायण देवांगन रविशंकर देवांगन,नोहर लाल देवांगन ,धरमू देवांगन मोतीलाल देवांगन,छगन लाल देवांगन,भरत देवांगन,भेषु देवांगन अधिवक्ता,कुशल देवांगन,जीवन लाल देवांगन ,पुष्पक देवांगन दिनेश देवांगन,नरेंद्र देवांगन,मनीष देवांगन,कुलेश्वर देवांगनचंदू लाल देवांगन,चुम्मन देवांगन ,नारायण देवांगन नारद देवांगन योगेश देवांगन,राजकुमार देवांगन,डमरू देवांगन,बिहारीलाल देवांगन चैत राम देवांगन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला देवांगन समाज सचिव परस देवांगन ने किया।

## आधुनिक तकनीक से खेती कर रमाकांत ने बढ़ाई अपनी आमदनी

**महासमुंद 29 अप्रैल।** जिले के सरायपाली ब्लॉक स्थित ग्राम पण्डरीपानी के छोटे किसान रमाकांत पटेल ने यह दिखा दिया है कि अगर हौसले बुलंद हों और तकनीक का सही इस्तेमाल हो, तो किस्मत को भी बदला जा सकता है। जहां अधिकतर किसान पारंपरिक खेती के भरोसे सीमित आमदनी से जूझ रहे हैं, वहीं रमाकांत ने शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ उठाते हुए और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को समृद्धि और आत्मनिर्भरता का जरिया बना दिया है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2024-25 के तहत रमाकांत ने मात्र 0.40 हेक्टेयर भूमि में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती की। रमाकांत ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2024-25 के तहत मिले सहयोग से केवल 0.40 हेक्टेयर भूमि में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती शुरू की। परंपरागत तरीके छोड़कर उन्होंने ड्रिप सिंचाई प्रणाली, मल्चिंग तकनीक और आधुनिक कृषि यंत्रों का इस्तेमाल किया। परिणामस्वरूप, उन्हें 300 क्विंटल बैंगन की शानदार पैदावार प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने लगभग 5 लाख रुपए की आमदनी अर्जित की। रमाकांत बताते हैं कि यदि बाजार भाव और बेहतर होते, तो कमाई इससे भी अधिक हो सकती थी। सफलता से उत्साहित होकर अब वे 3 एकड़ भूमि में मिर्च, बैंगन और करेला जैसी फसलों का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि बाजार में फसल की अच्छी कीमत मिलती, तो यह आंकड़ा और भी अधिक हो सकता था।

# कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 29 अप्रैल।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी बीजापुर में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिले के युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण (डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर) में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण (जिसमें आवास एवं प्रातः नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगा) प्रदाय करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के साथ साथ व्यक्तिव निर्माण एवं उद्यम विकास की निःशुल्क सामान्य कक्षा भी प्रदाय की जाती है। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। उक्त कोर्स में आवेदन करने हेतु कम से कम 8 वीं कक्षा उर्तीण एवं 18 से 45 वर्ष तक आयु होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदकों का कॉउसलिंग 29 अप्रैल 2025 को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, बीजापुर (एजुकेशन सिटी, ज्ञानगुडी) में आयोजन किया गया है। इच्छुक आवेदक 6261222008 एवं 6260010268 में संपर्क कर अथवा वाट्सएप्प मैसेज के माध्यम से पंजीएन करवा सकते हैं, यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है।

# करेगुट्टा आपरेशन के बीच नक्सलियों के केंद्रीय प्रवक्ता का आया पत्र

**बीजापुर 29 अप्रैल।** 7 दिनों के भीतर नक्सल संगठन की तरफ से शांति वार्ता के लिए भेजा गया दूसरा पत्र अबकी बार केंद्रीय नेतृत्व से आया पत्र करेगुट्टा आपरेशन के बीच नक्सलियों की तरफ से दूसरी दफा शांति वार्ता के लिए जारी किया गया पत्र..अबकी बार नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय के हवाले आया पत्रपत्र में संगठन की तरफ से सरकारों से बारम्बार शांति वार्ता का प्रस्ताव रखने तथा शांति वार्ता हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करने का जिक्र करेगुट्टा मुठभेड़ तीन नक्सलियों की मारे जाने की बात स्वीकारीतो वही सरकार से बिना शर्त छत्तीसगढ़ समेत झारखंड, ओडिशा। महाराष्ट्र आदि राज्यों में एक समय सीमा में युद्ध विराम कर शांति वार्ता करने की रखी मांग।

# कलेक्टर ने आवेदक से बात कर निराकरण की जानकारी दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने मछली पालन विभाग द्वारा किये गए निराकरण की समीक्षा करते हुए आवेदक भटगांव निवासी हुलस राम से स्वयं फ़ोन पर बात की और आवेदन के सम्बन्ध में पूछ ताछ करते हुए निराकरण की जानकारी दी जिस पर आवेदक हुलस राम ने संतुष्टि जाहिर की।

हुलस राम ने अपने आवेदन में मछली पालन हेतु शेड निर्माण की मांग की थी लेकिन मछली पालन विभाग में शेड निर्माण सम्बधित कोई योजना संचालित नहीं है। मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आवेदक को जानकारी दी गई कि विभाग में मछली पालन हेतु डबरी निर्माण की योजना संचालित है जिसमें



हितग्राही को 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। मछली पालन के लिए डबरी निर्माण के लिए इच्छुक होने पर इसका लाभ दिया जाएगा।

कलेक्टर ने इस दौरान कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, आदिम जाति कल्याण, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, सहकारिता, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किये गए आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियो को तेजी से एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निराकरण की जानकारी आवेदको को अवश्य देने के भी निर्देश दिये।

## समाचार संक्षेप

# शिविर में 799 आवेदकों का बना लर्निंग लायसेंस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 अप्रैल।** राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत आमजन द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग के त्वरित निराकरण हेतु जिला परिवहन कार्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा 26 एवं 27 अप्रैल 2025 को परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में कुल 799 लोगों को लर्निंग लायसेंस जारी किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल विकासखण्ड के ग्राम पिपरछेड़ी एवं रिकोकला, विकासखण्ड पलारी में ग्राम सरसेनी, बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोरदा एवं ग्राम चितावर, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी एवं कोनी, सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुचीपार एवं चण्डी, बिलाईगढ़ अंतर्गत गाताडीह एवं बलौदी में आयोजित किया गया।

## एक नजर

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए उड़नदस्ता का किया गठन

**कोरबा, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा कोरबा जिला में आयोजित पी0पी0टी0 प्रवेश परीक्षा 01मई 2025 गुरुवार को पूर्वान्ह 09.00 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। कार्यालय कलेक्टर कोरबा के द्वारा परीक्षा केन्द्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को उड़नदस्ता दल का कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।उड़नदस्ता दल में श्री किशोर शर्मा, अति. तहसीलदार कोरबा 9340602771, सिनीवाली गोयल, उप संचालक, समाज कल्याण कोरबा 9479053127श्री पी.एल. मिरेन्द्र, कृषि विस्तार अधिकारी कोरबा 8319964607 शामिल हैं। उड़नदस्ता दल का प्रभार क्षेत्र तीन परीक्षा केंद्र 2201 से 2203 तक रहेगा।उड़नदस्ता दल के अधिकारी, कर्मचारी अपनी उपस्थिति परीक्षा दिनांक 01.मई 2025 को परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व कलेक्टर कार्यालय कोरबा में नोडल अधिकारी कोरबा को अनिवार्य रूप से देंगे।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए अस्थाई कंट्रोल रूम बनाया

**कोरबा, 29 अप्रैल।** छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पी0पी0टी0 प्रवेश परीक्षा दिनांक 01 मई 2025 दिन गुरुवार को पूर्वान्ह 09.00 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक / परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके लिए श्री सनत कुमार राठौर, सहा. ग्रेड-03, जिला कार्या. कोरबा मोबाइल नंबर (8720891298) श्री जसलोक सिंह, सहा0 ग्रेड-03 जिला कार्यालय कोरबा मोबाइल नंबर (8982211498) की ड्युटी परीक्षा दिवस को प्रातः 9.00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है।

### दंतैल ने दूसरी बार चार घरों को उजाड़ा

**कोरबा, 29 अप्रैल।** कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। 27 अप्रैल को सुबह दुबे राम पिता हीरावन साय यादव पोड़ी खुर्द,का मकान हाथी ने तोड़ दिया। हाथी ने चार घरों को नुकसान पहुंचाया है। कौशल पिता दयाल सिंह के मकान को भी नुकसान पहुंचाया गया है। हाथियों के दल की मौजूदगी के साथ-साथ इनके द्वारा की जा रही धन हानि से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नुकसानी का उचित मुआवजा की इन्हें अपेक्षा है ताकि घर फिर से बना सकें।

### अब राजकुमारी को भी मिलेगा उचित मूल्य पर राशन

**कोरबा, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से लिये गए आवेदनों पर अब कार्यवाही शुरू हो गई है। सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। आवेदन निराकरण होने पर संबंधित आवेदकों को इसका लाभ भी मिलने लगा है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार 2025 के तहत राजकुमारी बिंझवार वार्ड 01 बिन्झपुर-कटघोरा का आवेदन क्र. 25270207700040 के द्वारा नया राशन कार्ड बनाने की मांग की गई थी। आवेदन प्राप्त होने और इसका ऑनलाइन एंट्री के बाद आवेदन का परीक्षण किया गया। परीक्षण के पश्चात संबंधित आवेदक को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरीकला के द्वारा 28 अप्रैल को राशन कार्ड का निराकरण करते हुए राशन कार्ड क्रमांक 223834905164 बनाकर प्रदान किया गया। आवेदन के कुछ दिनों के भीतर अपना राशनकार्ड बन जाने से राजकुमारी बिंझवार बहुत खुश है और सुशासन तिहार के आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह का शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि आमनागरिकों को अपनी समस्याओं को रखने और उसका निराकरण का अवसर मिले।

### कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने देवरीकला में चलाया स्वच्छता अभियान

# चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं सचिव और तकनीशियन को नोटिस

■ **हनुमान तालाब के आस- पास की सफाई कर रोपे पौधे**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक सोनी सहित अधिकारी - कर्मचारियों ने मोर गांव,मोर पानी महाभियान अंतर्गत आज विकासखंड कसडोल के ग्राम देवरीकला में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कर हनुमान तालाब के आस -पास की साफ-सफाई की और स्वच्छता का सन्देश दिये। इसके पश्चात तालाब के किनारे आम एवं नीम के पौधे रोपे। कलेक्टर ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव कमलदास मानिकपुरी के द्वारा कार्यों में लापरवाही बरतने एवं हैण्डपंप तकनीशियन नीलकमल साहु के द्वारा गांव का नियमित दौरा नहीं करने पर कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता वैष्णव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम आर आर दुबे, सरपंच बालेश्वर दास वैष्णव उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में 8 अप्रैल से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जो 31 मई तक चलेगा। प्रथम चरण में प्राप्त



आवेदनों का द्वितीय चरण अंतर्गत निराकरण किया जा रहा है। इसके पश्चात तृतीय चरण में समाधान शिविर में आवेदनों के निराकरण का वाचन किया जाएगा। ग्राम पंचायत देवरीकला से कुल 430 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें 427 मांग एवं 3 शिकायत से सम्बधित है। उन्होंने सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के साथ ही जिले में मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है जिसमें प्रमुख रूप से जल संचयन और स्वच्छता अभियान है। जल संचयन अंतर्गत सभी नलकूपो के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है। अब तक जिले में लगभग 1700 सोखता गड्ढा का निर्माण पूरा कर लिया गया है। वर्षा जल संचय के लिए सभी पक्के मकान में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण किया जा रहा है। इन सब गतिविधियों में सबकी सहभागीता जरुरी है। आपसी समन्वय और सहभागिता से पंचायत में विकास कार्यो को आगे बढ़ाएं। कलेक्टर ने गांव में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए पीएचई के एसडीओ को जल जीवन मिशन के तहत नल जल की सुविधा शीघ्र बहाल करने तथा पावर पंप मरम्मत के लिए सरपंच एवं पंचायत सचिव को 15 वें वित की राशि का उपयोग करने कहा। उन्होंने ग्राम पंचायत में हैंडपम्प मरम्मत सम्बन्धी पंजी संधारण करने के निर्देश दिये। पेंशन राशि भुगतान की अद्यतन सूची ग्राम पंचायत में चस्पा करने तथा इसकी सूचना हेतु मुनादी कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने गांव में लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण के लिए सीएसपीडीसीएल के एसडीओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए तहसीलदार एवं पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शतप्रतिशत राजस्व विवादमुक्त गांव बनाएं। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न हो।

उन्होंने शासकीय हाई स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणों को जल संचयन की शपथ दिलाई।

### केज कल्चर से मछली पालन का किया निरीक्षण

कलेक्टर सोनी ने गांव के पुराने खदान में निषाद राज मछुआ समिति द्वारा केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन का निरीक्षण किया। उन्होंने जलाशय में उतरने के लिए सीढ़ी निर्माण सहित व्यवस्थित रूप से मछली पालन करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मछली पालन विभाग के अधिकारियो को मछुआ समिति को आवश्यक सहयोग करने के भी निर्देश दिये। समिति द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023 से इस खदान में केज कल्चर के माध्यम से 25 केज में मछली पालन किया जा रहा है। मछली पालन से 3 से 4 लाख रुपये सालाना मुनाफा प्राप्त हो रहा है।

# हिरण के सींग की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





■ **प्रभारी रेंजर दीपक तिवारी की टीम न आरोपी यासिर खान और फराज खान के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत की कार्रवाई**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 29 अप्रैल।** लंबे समय से शिकारी वन्य जीवों को निशाना बना रहे है . जिन पर वन विभाग की टीम सतत निगरानी बनाये रखते है सुबह वन विभाग की टीम को गस्त के दौरान सूचना मिलने पर दो लोगों से पूछताछ किया जिसमें उनके पास सफेद रंग के बोरी में हिरण का सिंग पाया गया जिसके बारे में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गोल-मोल जवाब दिया गया। रायपुर मोवा से यासिर खान और फराज खान को हिरासत लिया गया। आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस पूरी कार्यवाही में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बाल प्रमुख राव के मार्गदर्शन में वन मंडल अधिकारी रायपुर और संयुक्त वन मंडलाधिकारी रायपुर के नेतृत्व में उड़ान दस्ता अधिकारी और रायपुर रेंज के रेंजर सिंघम दीपक तिवारी की टीम ने कार्यवाही की। टीम में प्रमुख रूप से बी एफ ओ अमृतपाल, बी एफ ओ भूपेंद्र खैरवार ,बी एफओ दीपक वर्मा ,बी एफ ओ गोस्वामी सहयोगी यशपाल ने आरोपियों को पकड़ने में अहम भूमिका निभाया है।

दीपक तिवारी ने रायपुर जिले के प्रभारी रेंजर बनाये जाने के बाद कहा था की उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे वन को हानि पहुचाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करते रहेंगे।

दीपक तिवारी ने वन्य जीवों की तस्करी करने वाले आरोपियों को पकड़ कर यह साबित कर दिया की उन्होंने जो कहा था उसे करके दिखा रहे है।

# धान उपार्जन केंद्र प्रभारी को लाखों रुपए का गबन करने पर किया गया गिरफ्तार

## आरोपी ने 368.78 क्विंटल धान की राशि का गबन कर शासन एवं समिति को पहुंचाई क्षति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 अप्रैल।** प्रार्थी संजय कुमार वर्मा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा कोदवा प्रभारी शाखा प्रबंधक ने 27 अप्रैल को थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि धान उपार्जन केंद्र प्रभारी आरोपी परदेसी राम साहू द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर कल 368.78 क्विंटल धान राशि 8,48,194 कमी कर शासन एवं समिति को गबन कर क्षति पहुंचाई है। कि प्रकरण में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर मुख्य कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ शाखा कोदवा की जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना पलारी में अपराध क्र. 140/2025 धारा 316(5),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी परदेसी राम साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा धान उपार्जन केंद्र में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 368.78 क्विंटल धान राशि ?8,48,194 शासन एवं समिति को गबन कर क्षति पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 28.04.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम परदेसी राम साहू उम्र 55 साल निवासी ग्राम रेंगाडीह थाना सुहेला है।



### केंद्र प्रभारी सहित 3 पर एफआईआर दर्ज

समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान का उपार्जन केंद्र में गड़बड़ी करने वालों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए उपार्जन केंद्र प्रभारी, समिति प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारिता विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024 -25 में तहसील पलारी अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र जारा में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की जांच की गई। जांच में पाया गया कि उपार्जन केंद्र जारा में 54905.60 क्विंटल धान उपार्जन किया गया है जिसके विरुद्ध 54536.82 क्विंटल धान क़ा परिदान किया गया है। उपार्जन केंद्र में 368.78 क्विंटल धान राशि 8 लाख 48 हजार 194 रुपये का परिदान किया जाना शेष है परन्तु वर्तमान में उपार्जन केंद्र में उक्त 368.78 क्विंटल धान भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं है। इस तरह 368.78 क्विंटल धान राशि 8 लाख 48 हजार 194 रुपये की कमी कर शासन एवं समिति को क्षति पहुंचाई गई है जिसके कारण उपार्जन केंद्र प्रभारी परदेशी राम साहु, समिति प्रभारी पंच राम ध्रुव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपक साहु के विरुद्ध थाना पलारी में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया गया कि इसके साथ ही अन्य उपार्जन केंद्रों की भी जांच चल रही है जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

### दावा आपत्ति 6 मई तक

**कोरबा, 29 अप्रैल।** कोरबा जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत जिलाविकासखंड स्तर पर कुल रिक्त 13 संविदा पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी कर निर्धारित शर्तों एवं मापदण्डों के अनुसार अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से 28 फ़रवरी से 20 मार्च तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों के सारणीकरण उपरांत 23 अप्रैल को जिला स्तरीय चयन समिति के परीक्षण, अनुमोदन पश्चात प्रारंभिक सूची पात्र, अपात्र का निर्धारण करते हुए दावाआपत्ति आहूत की गई है। अतः समस्त अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार उपरोक्त पद हेतु जारी प्रारंभिक सूची एवं सूचना पटल का अवलोकन करते हुए 6मई बिहान कार्यालय कक्ष क्र. 17 में निर्धारित प्रारूप में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार/ मान्य नहीं होगा। दावा आपत्ति हेतु आवेदन का प्रारुप तथा विस्तृत विवरण जिले की वेब साइट पर देखा तथा डाउनलोड किया जा सकता है एवं जिला पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202504092100024
अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गुरमीत सिंह भाटिया वल्द जसबीर सिंह भाटिया जाति सिक्ख उम्र 43 वर्ष निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि विक्रेता हरिचंद वल्द स्व. थनवार साहू के अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि नजूल शहर राजेन्द्र वार्ड नं. 15 डोगरगढ़ में स्थित भूखण्ड क्रमांक 1768/2 का टुकड़ा क्षेत्रफल 707'9'' वर्गफुट, शीट क्रमांक 6 लगान 1.90 पैसा है, जिसे विक्रेता के द्वारा विधिवत मुझ क्रेता गुरमीत सिंह भाटिया वल्द जसबीर सिंह भाटिया जाति सिक्ख उम्र 43 वर्ष निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय डोगरगढ़ में विक्रय पत्र के माध्यम से पंजीयन कराया गया है जिसका पुस्तक क्रमांक 1 ग्रंथ क्रमांक 3155 में पृष्ट 339 से 359 तक विलेख क्रमांक CG-2024-25-127-1-2338 पंजीयन दिनांक 26/03/2025 को पंजीबद्ध है। क्रय की गई भूमि पंजीयन का नामातंरण कर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, विक्रयपत्र की छायाप्रति पेश किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 21/05/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बालोद**

**//संशोधन पत्र//**

**ज्ञाप क्र. 2369/व.ले.लि./2025-26/** **बालोद, दिनांक:- 26/4/25**

इस कार्यालय के रूचि की अभिव्यक्ति ज्ञाप क्र. 2104/व.ले.लि./2025-26/बालोद दिनांक 21.04.2025 आपका जी नं. 252600401 आवश्यक अर्हताओं की कंडिका (3) एवं (4) को निम्नानुसार कंडिकाओं से प्रतिस्थापित किया जाता है :-

3. टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठान का विगत 03 वर्षों में, टेन्ट हाऊस कार्यक्रम संपादन का औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू. 50.00 लाख होना आवश्यक है। तत्संबंध में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4. विगत 03 वर्षों में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 03 व्ही.आई.पी. (राज्यपाल/मुख्यमंत्री) कार्यक्रम संपादित किये जाने जिसमें प्रति कार्य के लागत कम से कम रू. 30.00 लाख होने का अनुभव प्रमाण-पत्र, जो कार्यपालन अभियंता/समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्ताक्षरित हो।

अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. भ/स) संभाग, बालोद**

**जी-252600538/4**



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-नारायणपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-07/2025-26**

**क्रमांक/99/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2025-26** **नारायणपुर दिनांक 25/04/2025**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 06.05.2025 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | प्राथमिक बालक आश्रम आसनार के पास कम्युनिटी हॉल निर्माण कार्य ग्राम पंचायत मण्डाली विकास खण्ड ओरछा | 19.20 लाख |

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in/ में दिनांक 28.04.2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग-नारायणपुर (छ.ग.)**


**जी-252600534/3**


### सरपंच संघ तिल्दा की कार्यकारिणी घोषित

# अभिषेक वर्मा बने ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच संघ अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 29 अप्रैल।** जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष



टिकेश्वर मनहरे के नेतृत्व में सरपंच संघ तिल्दा कार्यकारणी घोषित किया गया जनपद पंचायत तिल्दा अंतर्गत नवनिर्वाचित 102 सरपंचों का बैठक सम्मलेन जनपद सभागार में हुआ उक्त बैठक का उद्देश्य सरपंच संघ के पदाधीकारियों के चयन को लेकर किया गया था।

नवनिर्वाचित सभी सरपंचों ने जनपद पंचायत तिल्दा सरपंच संघ



का अध्यक्ष ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच अभिषेक वर्मा को सर्व सहमति से अध्यक्ष चुना, साथ ही सरपंच संघ के कार्यकारणी में ग्राम पंचायत असौदा के सरपंच जितेंद्र चंद्राकार एवं ग्राम पंचायत अड़सेना सरपंच डॉ. तेजराम पाल ,ग्राम पंचायत बिठिया दुष्यंत साहू, ग्राम पंचायत बरोंडा नीतू प्रदीप मढ़रिया ,ग्राम पंचायत कोहका सरपंच तेजराम वर्मा को संरक्षक नियुक्त किया गया साथ ही ग्राम पंचायत इलदा के सरपंच धनेश साहू एवं दिनेश वर्मा रायखेड़ा पुष्पा सुमित ठाकुर सरपंच बरतोरी, चित्ररेखा योगेंद्र साहू रजिया ,सुनंदा वर्मा सोनतरा इन सभी को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया,महासचिव के पद पर ग्राम पंचायत खपरी कला के सरपंच रामेश्वर गोलू साहू एवं ग्राम पंचायत ओटगन के सरपंच हिमांशु तिवारी को बनाया गया साथ ही सचिव के पद पर ग्राम पंचायत सगुनी सरपंच रजत कश्यप को नियुक्त किया गया साथ ही सह सचिव के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत सीलपट्टी सरपंच लोकेश कश्यप एवं नहरडीह सरपंच अनिल सायतोड़े को नियुक्त किया गया एवं सरपंच ग्राम पंचायत केवतरा गोविंद कुर्रे को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत तिल्दा के पूर्व अध्यक्ष देवव्रत नायक एवं सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष मिथलेश साहू उपस्थित रहे। जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने सभी नवनियुक्त सरपंच संघ के पदाधीकारियों को शुभकामनाएं दिया और सरपंचों को भरोसा दिलाया कि आने वाले पांच वर्षों में एक- एक पंचायतों के विकास के लिए साथ मिलकर हर संभव प्रयास करेंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26